खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

हल्द्वानी, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 355 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# किश्तवाड़ में बादल फटा, 46 मरे

## 28 लोगों के शव बरामद, 65 को बचाया, करीब 200 श्रद्धालु अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 46 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 98 लोग लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



- चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे
- बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

### पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

## पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध लगातार जारी लापरवाह, युद्ध भड़काने और घृणास्पद टिप्पणियों की खबरें देखी हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाज़ी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना-माना तरीका है।

## पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

- जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला, कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था।










## आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें



**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाक़ामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: **1800 296 1111**

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: **8954666111, 8954666222** (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरु स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार पर देखें।




**डेन्टल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।



**हेयर केयर** जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।




**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।




**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता अधिकार के लिए बिहार में शुरू करेंगे यात्राएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने, लोकतंत्र बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिए बिहार में 17 से 30 अगस्त तक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता हिस्सा लेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से इन यात्राओं की शुरुआत करेंगे और फिर कटिहार, मधुबनी आदि कई स्थानों से होते हुए यात्रा का 30 अगस्त को पटना में समापन किया जाएगा।

### महबूबा ने अदालत की बात को सराहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में दायर याचिका में बहस के समय उच्चतम न्यायालय का पहलगाम आतंकवादी हमले का ज़िक्र करना, इस क्षेत्र की स्थिरता को लेकर भारत सरकार के अविश्वास को दर्शाता है। विदित हो कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से आठ सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से 'पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी ज़मीनी हक़ीक़तों' से अवगत रहने को कहा। इसमें जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक ने याचिका दायर की है। सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का हालिया पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करना इस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति केन्द्र सरकार के निरंतर अविश्वास को रेखांकित करता है।

# ईसी हमें दे वाराणसी की वोटर लिस्ट: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित 'वोट चोरी' आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।

खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है, तो वहीं चेहरे अनेक हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया। इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है। खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कांफ्रेंस में छह और फर्जी वोटर का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जब प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो तुरंत नोटिस आ गया, लेकिन ठाकुर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करे हुए 24 घंटे हो गए हैं। इसके बाद भी उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। ठाकुर को छह लोकसभा में गड़बड़ी के आंकड़े छह दिन में मिल गए। हमें छह महीने लगे इन्हें छह दिन में कैसे मिले? चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने जो सबूत दिए वो एक आपराधिक मामला है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 86 गैलेंट्री अवार्ड का ऐलान

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ आफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है।

**■ ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र**

भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में एलओसी की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, सीआरपीएफ के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

## यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं।

शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रा दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा, उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएम ने किया प्रहार

# कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति ने देश को तोड़ा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवासियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभाजन के बाद उपजी हिंसा और उससे प्रभावित लोगों से संबंधित डिजिटल आर्काइव फोटो, अखबार कतरनें, राजकीय अभिलेख और विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवाओं को तुष्टिकरण की कीमत उस दौर की वेदना से अवगत कराया गया। योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने विपक्ष को बनाया कूप मंडूप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार डेवलपमेंट अर्थारिटी ने समूचे विपक्ष को कूप मंडूप बना दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने 1947 से 2017 तक विपक्षी दलों के शासनकाल की तुलना अपनी सरकार के 2017 से 2025 तक के कार्यकाल से की और विपक्ष पर परिवारवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा जबकि उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और समाज को सुरक्षित बनाने में सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है, जो निवेशकों और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

# भाजपा ने साबित किया पिछड़ गया यूपी: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र ने पहली बार 24 घण्टे सदन चलाने का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं।

यादव ने एक्स पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के झपकी लेने और विपक्षी नेताओं के सेल्फी लेने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष। भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे। उन्होंने लिख- जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है।

### अखिलेश को नहीं दिखते पीड़ितों के आंसू: पूजा पाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर समाजवादी पार्टी से निकाली गई इलाहाबाद पश्चिमी सीट से विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश को 30 साल से पीड़ित पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं, तो दिख रहा है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# लिवाली से मजबूत हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा कमजोर बने रहने के बावजूद एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के साथ इंफोसिस और इटरनल जैसी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बढ़त में बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई का सेंसेक्स 57.75 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 80,597.66 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 24,631.30 अंक पर रहा। वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली के कारण एनएसई का निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.38 फीसद टूट गया। निवेशकों ने बैंकिंग के अलावा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी और फार्मा कंपनियों में पैसा लगाया। वहीं धातु, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

### यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 0.2 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों के खंड में अच्छे प्रदर्शन के कारण वाहन निर्माता कंपनियों ने इस साल जुलाई में घरेलू बाजार में 19,77,442 वाहन बेचे, जो जुलाई 2024 के 18,42,296 वाहनों की तुलना में 7.33 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहनों की बिक्री में एक साल पहले के मुकाबले जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं दुपहिया वाहनों में तेजी रही। भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार गत जुलाई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 0.2 प्रतिशत घटकर 3,40,772 इकाई पर रह गई। दुपहिया के खंड में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 6,43,169 इकाई रही। मोटरसाइकिल की बिक्री 4.7 फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पर पहुंच गई।

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,809 रुपए बढ़कर 99,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,083 रुपए बढ़कर 1,15,100 रुपए पर पहुंच गया है।

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' की

**नई दिल्ली, वार्ता**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने आर्थिक मजबूत और सतत वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर भारत की रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बदलकर 'बीबीबी' कर दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को बताया कि उसने भारत का परिदृश्य भी 'नकारात्मक' की जगह 'स्थिर' कर दिया है।

एजेंसी ने कहा कि भारत वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दे रहा है, जो बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ आम लोगों को उनकी सीमा के भीतर वित्त उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दिखाता है। उसने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन साल में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने रहेंगे जिससे विकास को गति मिलेगी। साथ ही मौजूदा मौद्रिक नीतियों के कारण मुद्रास्फीति प्रबंधन सही दिशा में जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि इन्हीं कारकों की वजह से उसने भारत की दीर्घावधि रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बढाकर 'बीबीबी' और आउटलुक स्टेबल कर दिया गया है। इसके अलावा अल्पकालिक रेटिंग 'ए-2' से बढ़ाकर ए-3 कर दी गई है। हालांकि स्थानांतरण एवं परिवर्तनीयता आकलन 'ए माइनस' से घटाकर 'बीबीबी प्लस' कर दिया गया है। एजेंसी का कहना है कि सतत नीतिगत स्थिरता और बुनियादी ढांचे पर भविष्य के लिए परिदृश्य स्थिर है, जो देश की दीर्घावधि विकास यात्रा में सहायक होगा। उसने कहा कि अगले दो साल में नीतिगत और मौद्रिक उपायों से सरकार पर ऋण का बोझ कम होगा, जिसे रेटिंग में और सुधार आएगा। साथ ही उसने चेतावनी दी कि राजनीतिक प्रतिबद्धता कम होने पर वह रेटिंग घटा सकती है और यदि रोजकोषीय घाटा कम होता है, तो वह रेटिंग बढ़ा भी सकती है। उसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और साल 2022 से 24 तक उसकी औसत विकास दर 8.8 प्रतिशत रही।

# भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें छात्र: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी छात्रों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने की दिशा में काम करने को कहा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये बच्चे अंडमान और निकोबार कमान की सात दिन की राष्ट्रीय एकता यात्रा 'आरोहण: द्वीप से दिल्ली' के अंतर्गत यहां आए हैं। ये छात्र शुक्रवार को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर ज़ोर दिया और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से ज़ोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अध्यक्ष एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### स्मृति दिवस पर राजनाथ और अमित शाह की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में भारत के विभाजन की भयावहता को याद करते हुए उस विभाजन में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद करते हुए देश में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर सिंह ने देश के इतिहास के उस 'दर्दनाक अध्याय' को याद करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 1947 के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हुए मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें भारत के विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणामों को सहना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।






हिमालय सरिया
सबसे ऊंचा सबसे बढ़िया
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
आनन्द फिलिंग स्टेशन
प्रो. दीपक सैनी
सुल्तानपुर पट्टी
IndianOil

## उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
**79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**


उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग द्वारा राज्य में महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा, उत्पीड़न इत्यादि को रोकने के लिए निम्नवत कार्य किये जाते हैं।

1.–13. [illegible]

**उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की प्रमुख उपलब्धियाँ व प्रयास**

1.–6. [illegible]

उर्वशी चौहान, सदस्य सचिव
कुसुम कण्डवाल, माननीय अध्यक्ष
www.ukscw.org.in






## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागेश्वर।
### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, बागेश्वर। "सर्पदंश बचाव एवं सूचना प्रेषण"

पत्रांक : सर्पदंश /2025-26/4178 — दिनांक 11.08.2025

- भारत में अधिकांश सांप (80 प्रतिशत) विषैले नहीं होते हैं।
- सांप तभी काटेगा जब उसे अपनी जान का खतरा महसूस होगा।
- जरूरी नहीं कि एक विषैला सांप हर दंश में विष छोड़े।
- कभी-कभी विषैले सर्पदंश (खास तौर पर करैत सांप) के लक्षण 6-12 घंटे के बाद ही प्रकट होते हैं।
- सर्पदंश के बाद पीड़ित को लक्षण प्रकट ना होने पर भी पहले 24 घंटे चिकित्सक की देखरेख / निगरानी में रखा जाना चाहिए।
- पारंपरिक तरीके से उपचार का प्रयास न करें एवं झाड़फूंक करने वालों से बचें।
- विषैले सर्पदंश का सिद्ध ईलाज विषरोधक इंजेक्शन (एन्टीवेनम) ही हैं।
- उचित प्राथमिक चिकित्सा ही पीड़ित की जान बचा सकती है।

**सर्पदंश से कैसे बचें**

- यदि आपको कोई सांप दिखे तो उसे न छेड़े, वो आपसे खुद ही दूरी बना लेगा
- जमीन पर न सोंए और बाहर सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें
- घर, आंगन और धान्यागार में मौजूद चूहों के बिल, छेद और छिद्रों को बंद करें।
- घर के आसपास साफ-सफाई रखें व खाद्य-पदार्थों को न फेंके, यह चूहों को आकर्षित करता है और चूहों से सांप आकर्षित होते हैं।
- रास्तों और पगडंडियों को गिरी हुई पत्तियों को गिरी हुई पत्तियों और घास-फूस से मुक्त रखें।
- अंधेरे में घर से बाहर निकलते समय हमेशा बंद जूते पहने और टॉर्च का इस्तेमाल करें।
- झाड़ियों या फसलों में हाथ-पैर डालने से पहले लकड़ी या डंडे से टटोल लें।
- सांपो को न मारें। उसे पकड़ने के लिए किसी विशेषज्ञ या वन विभाग से संपर्क करें।

**अधिक जानकारी हेतु हैल्प लाईन नं0 104 पर कॉल करे**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागेश्वर।

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विजय बिष्ट**
पूर्व ग्राम प्रधान
ऐराड़ी (ताड़ीखेत)।

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**दीपक शाह कन्नू**
जिला पंचायत सदस्य डीडा, भाजपा
जिला मंत्री व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य
मुझोली, द्वाराहाट अल्मोड़ा

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**बलवंत सिंह पटवाल**
शेर ए पंजाब
रेस्टोरेंट रानीखेत

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**आदित्य जोशी**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महुवाडाबरा

स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की समस्त जनपद वासियों व प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**केवलानंद पांडे**
वन क्षेत्राधिकारी बागेश्वर
'वृक्ष लगाए पर्यावरण बचाएं' वृक्ष लगाए पर्यावरण बचाएं।

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**दलीप सिंह खेतवाल**
बागनाथ प्रिंटिंग प्रेस बागेश्वर
नशा छोड़े, खेल से जुड़े।

कन्ट्रीवाइड वैलफेयर एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित
## कण्ट्रीवाइड पब्लिक स्कूल बागेश्वर




**कंट्रीवाइड स्कूल के 2025 के गौरव**




**कण्ट्रीवाइड पब्लिक स्कूल बागेश्वर**
सुविधायें :-
- स्कूल में स्मार्ट क्लास की सुविधा।
- आधुनिक तकनीकी से सुसज्जित संगणक प्रयोगशाला।
- प्रशिक्षित, योग्य अध्यापकों द्वारा अध्यापन कार्य।
- ग्रामीण परिवेश के बावजूद विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति विशेष वातावरण तथि उत्पन्न करने का प्रयास।
- विद्यार्थियों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कुमाऊं की सांस्कृतिक विरासत को बचाने के विशेष प्रयास।
- विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यों के द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयास।

जनपद में संचालित सभी कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूलों में एडमिशन शुरू




**कंट्रीवाइड स्कूल समूह ने बागेश्वर से पलायन रोक दिया रोजगार**



मोहन चन्द्र पाण्डे, अध्यक्ष — जगदीश पाण्डे, उपाध्यक्ष — नन्दा वल्लभ भट्ट, सचिव — शंकर पाण्डे, कोषाध्यक्ष — गंगा पाण्डे, संस्थापक सदस्य — मदन पाण्डे, संस्थापक सदस्य

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संजय परिहार**
भाजपा जिला महामंत्री
बागेश्वर

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विक्रम सिंह शाही**
जिला पंचायत अध्यक्ष
व भाजपा के वरिष्ठ नेता कपकोट बागेश्वर।

स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की समस्त जनपद वासियों व प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रदीप कांडपाल**
वन क्षेत्राधिकारी गड़खेत गरुड़
जब होगी धरती हरि भरी, तब जीवन होगा खुशहाल पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी आगे आए, अधिक से अधिक पेड़ लगाए।

स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की समस्त जनपद वासियों व प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**शिव सिंह बिष्ट**
राज्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार

स्वतंत्रता की दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

क्षेत्र पंचायत सदस्य जोशी पालड़ी, की जनता का आभार, जिस विश्वास व उम्मीद के साथ जनता ने विश्वास किया है उसे पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण किया जाएगा।
**फते सिंह करायत**

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नवीन रावल**
सभासद बागनाथ वार्ड बागेश्वर,
एवं नगर पालिका सभासद
संगठन के जिलाध्यक्ष बागेश्वर।

स्वतंत्रता की दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

गोपा धपोला, नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, "जेठाई" की समस्त जनता का आभार, उन्होंने जिस उम्मीद के साथ उन्हें अपना स्नेह दिया उस भरोसे को पूर्ण करने का प्रयास करूंगी।
निवेदक
**ललित सिंह धपोला**

स्वतंत्रता की दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

क्षेत्र पंचायत सदस्य बदियाकोट कपकोट, की समस्त जनता का दिल की गहराइयों से आभार, जिस विश्वास व उम्मीद के साथ मुझे चुना है, उसे पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।
**खिलाप सिंह दानू**


# बागेश्वर के तीनों ब्लॉक में भगवा परचम

## बागेश्वर में दीपा देवी, कपकोट में भावना शाही व गरुड़ में किशन सिंह ब्लॉक प्रमुख बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का अंतिम चरण गुरुवार को समाप्त हो गया है। बागेश्वर जिले में तीनों ब्लाकों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ब्लाक प्रमुख बने हैं। जिले में भाजपा की प्रचण्ड जीत के बाद भाजपा में खुशी के माहौल है। बता दें विकासखंड बागेश्वर में भाजपा की ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी दीपा देवी 35 मत मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी उमा देवी को 5 मत मिले। जिसमें दीपा देवी 30 मतों से विजय हुई। वहीं ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख में मनीष कुमार 33 मत व उनके निकटतम प्रतिद्वंदी दीपा रौतेला को 7 मत मिले। मनीष 26 मतों से विजय हुए। वहीं कनिष्ठ प्रमुख में दीपा देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। गरुड़ में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी किशन सिंह ब्लॉक प्रमुख बने। किशन सिंह को 33 मत जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह को 7 मत मिले। किशन कुल 26 मतों से विजय हुए। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख में नंदन सिंह विजय हुए, नंदन सिंह को 32 मत जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भगवान सिंह को 8 मत मिले। वहीं कनिष्ठ प्रमुख में श्रीमती भगवती ने बाजी मारी, उन्हें 32 मत मिले उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी ज्योति को 8 मत मिले। कपकोट में भाजपा प्रत्याशी भावना शाही ब्लॅाक प्रमुख बनीं। भावना को मिले 29 जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी वंदना को 11 मत मिले। जिसमें भावना 18 मतों से विजय हुई। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख में निर्मला विजय हुई, निर्मला को 19 मत जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी पूजा को 11 मत मिले। वहीं कनिष्ठ प्रमुख में विक्रम सिंह खाती ने बाजी मारी उन्हें 27 मत मिले उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी अनीता देवी को 13 मत मिले। इस प्रकार तीनों बालकों में ब्लाक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख व कनिष्ठ प्रमुख भाजपा के बने।





### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजयी जलूस

**बागेश्वर।** जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, तीनों ब्लाकों में ब्लाक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख व कनिष्ठ प्रमुख बनाकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रचा है। पहली बार सभी पदों पर भाजपा के अपने अधिकृत प्रत्याशियों की विजय हुई है। इसी खुशी में देर शाम भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व विजेता प्रत्याशियो के साथ नगर में सांकेतिक विजय जलूस निकाला। इस दौरान सभी ने रंग गुलाल उड़ाकर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर नगर में रैली निकालते हुए पार्टी कार्यालय पहुंचे। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में पूरे जनपद में सभी प्रत्याशी भव्य जलूस निकलेंगे। इस मौके पर राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, विधायक बागेश्वर पार्वती दास, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, वरिष्ठ नेता कुंदन परिहार, जिला महामंत्री संजय परिहार, घनश्याम जोशी, दीपा आर्या, महेश खेतवाल, जनार्दन लोहनी, बसंती देव, पुष्पा देवी, हरीश सिंह मेहरा, विक्रम शाही, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला पंचायत की कुर्सी भी भाजपा के खाते में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए पिछले कई दिनों से चल रही गहमागहमी का गुरुवार को अंतिम परिणाम के साथ समापन हो गया है। अध्यक्ष पद में भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी शोभा आर्या को 12 मत मिले, जबकि कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी सरोज आर्या को 6 मत मिले, एक मत निरस्त हुआ। भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी शोभा आर्या 6 मतों से विजय रही। वहीं उपाध्यक्ष में विशाखा खेतवाल को 10 मत नवीन परिहार को 9 मत मिले, विशाखा खेतवाल एक मत से विजय रही। इधर चुने गए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए कुल 19 सदस्य शोभा आर्या, सरोज आर्या, हेमलता, गोपा धपोला, नवीन परिहार, जनार्दन लोहनी, ज्योति राठौर, बसंती देव, नीमा गढ़िया, विशाखा खेतवाल, राजेंद्र सिंह, कुंदन राम, विजया कोरंगा, सुंदर गढ़िया, बलवंत राम, दीपक खुल्बे, शारदा देवी, बबलू नेगी, भास्कर बोरा ने अपने अपने मत का प्रयोग किया। विजेता प्रत्याशियों को कुमाऊं एडिशनल कमिश्नर जीवन सिंह व जिला निर्वाचन अधिकारी जिला. धिकारी आशीष भटगाई ने प्रमाण पत्र देकर निर्वाचित घोषित किया।




# मनीषा जंतवाल की 'लॉटरी' लगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** प्रदेश भर में हॉट सीट मानी जा रही विकासखंड कोटाबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीषा जंतवाल ने लाटरी सिस्टम से जीत दर्ज की। ब्लॉक प्रमुख पद की कांग्रेस प्रत्याशी चित्रा बिष्ट व भाजपा की मनीषा जंतवाल दोनों प्रत्याशी को बराबर 14-14 वोट पड़े जिसके चलते दोनों के बीच लाटरी सिस्टम किया गया जिसमें मनीषा जंतवाल विजयी हुई। उनकी विजय की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विजय होने पर कोटाबाग मुख्यालय से उनके निवास चकलुआ तक विजय जुलूस निकाला गया। ज्येष्ठ उप प्रमुख गीता तिवारी को 15 मत मिलकर विजयी हुई और राहुल पंत को 13 मत मिले, कनिष्ठ उप प्रमुख अपूर्वा बिष्ट को 15 मतों से विजयी हुई और मिनिता जोशी को 13 मत मिले। चुनाव अधिकारी कालाढूंगी उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया ब्लॉक प्रमुख पद के दोनों दावेदार को बराबर मत मिले थे जिसके बाद दोनों के नाम की पर्ची बनाई और बच्चे के द्वारा पर्ची निकलवाई गई जिसमें मनीषा जंतवाल के नाम की पर्ची निकल इस प्रकार मनीषा जंतवाल विजय रही वही उन्होंने बताया कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव सम्पन्न कराए गया है। इस दौरान विकास भगत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मनीषा जंतवाल ने सभी समर्थकों व क्षेत्र पंचायत सदस्यो का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस समर्पित प्रत्याशि चित्रा बिष्ट ने कहा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उनको बराबर के मत दिए थे मगर वह लाटरी सिस्टम में हार गई यह उनकी हार नहीं है किस्मत ने उनको हराया है।

# जिला पंचायत अल्मोड़ा में भी खिला कमल

## कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुंजवाल को चार वोटों से दी शिकस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला पंचायत के चुनाव में अल्मोड़ा में भाजपा ने दमदार जीत दर्ज की है। अल्मोड़ा में भाजपा की हेमा गैड़ा अध्यक्ष बनीं। हेमा ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की सुनीता कुंजवाल को चार मतों से शिकस्त दी। वहीं, यूकेडी की सरस्वती देवी को अपने ही वोट से संतोष करना पड़ा। गुरुवार को सुबह दस से शाम तीन बजे तक कड़ी सुरक्षा के बीच जिला पंचायत सभागार में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। अल्मोड़ा में 45 जिला पंचायत सदस्यों ने मता. धिकार का प्रयोग किया। कांटे के मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी हेमा गैड़ा ने अपनी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की सुनीता को चार वोट से पराजित किया। हेमा को 24 वोट पड़े, जबकि सुनीता को 20 मत प्राप्त हुए। यूकेडी की अधीकृत प्रत्याशी सरस्वती देवी को अपना ही वोट मिला। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरी मतदान प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों के बीच हुई। वहीं, परिणामों की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष की विजयी प्रत्याशी हेमा गैड़ा को जीत का प्रमाण पत्र दिया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा ने परचम लहराया। भाजपा के अधीकृत प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह नेगी ने अपने निकतम प्रतिद्वंद्वी शम्भू सिंह रावत को पराजित कर उपाध्यक्ष की सीट पर कब्जा जमाया। सुरेंद्र को 26 मत प्राप्त हुए। जबकि शम्भू को 19 वोट पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए। जिले के सात ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष सीट पर भाजपा की जीत पर कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। कार्यकर्ताओं ने परिणामों की घोषणा के बाद शहर में विजयी जुलूस निकाल जश्न मनाया। अल्मोड़ा में जिला पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढ़ग से संपन्न हुआ। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की शिकायत नहीं मिली। हालांकि प्रशासन की ओर से चुनाव को देखते हुए भारी संख्या में जिले के तमाम ब्लॉकों और जिला पंचायत सभागार में भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की हुई थी। छिटपुट विवादों को छोड़ पूरा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ है।

### जिले के सात ब्लॉकों पर भी भाजपा का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा का दबदबा रहा। अल्मोड़ा के 11 ब्लॉकों में सात में भाजपा, तीन में कांग्रेस और एक में निर्दलीय ने जीत दर्ज की। सभी विजयी प्रत्याशियों को विकासखंड मुख्यालयों में प्रमाण पत्र दिए गए। दरअसल, जिले के कुल 11 विकासखंडों में से स्याल्दे, भैंसियाछाना, हवालबाग, चौखुटिया, लमगड़ा, धौलादेवी, ताड़ीखेत, भिकियासैंण और द्वाराहाट में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जबकि ताकुला और सल्ट ब्लॉकों में प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ था। जिले के 11 ब्लॉकों में से भाजपा ने सात सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर अपना दबदबा बनाया। जबकि इस बार कांग्रेस सल्ट, द्वाराहाट और धौलादेवी ब्लॉकों में जीत दर्ज कर सकी। वहीं, ताड़ीखेत प्रमुख की सीट पर निर्दलीय का कब्जा रहा। सल्ट विकासखंड में ब्लॉक प्रमुख पद पर आज तक कभी भी भाजपा का प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सका। 1961 में ब्लॉक का गठन होने के बाद से ही इस सीट पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का कब्जा रहा। वहीं, इस बार भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी और पूर्व विधायक सल्ट रणजीत रावत की पुत्रवधू ने कंचन रावत ने प्रमुख पद पर निर्विरोध जीत हासिल की है।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास में आरोपी को चार साल की सजा

**अल्मोड़ा।** सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देकर चार साल के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार मामला जून 2019 का है। पुष्पा देवी ने थाना दन्या में तहरीर दी थी। कहना था कि उनके पति कैलाश सिंह पपोली निवासी विजय पाल उर्फ बब्लू के मकान में मजदूरी कर रहे थे। शाम को काम समाप्त होने के बाद उनके पति के मजदूरी मांगने पर विजय पाल ने बाद में पैसे लेने की बाद कही। कहना था कि कैलाश सिंह के उसी दिन मजदूरी देने की बात कहने पर विजयपाल ने कैलाश के सिर पर पत्थर से वार कर दिया। इससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। सीएचसी धौलादेवी में इलाज के बाद कैलाश को पहले अल्मोड़ा बेस और फिर सुशीला तिवारी रेफर किया गया। इसके बाद महिला की ओर से तहरीर देने पर दन्या थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने धारा 308 आईपीसी के तहत अभियुक्त को दोषी करार देते हुए चार साल के कठोर कारावास और 40 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड ना दिए जाने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### मूसलाधार बारिश से जलभराव

**बागेश्वर।** जिले में बीते बुधवार रात से हुई झमाझम बारिश से कई जगहों पर जल भराव व घरों में मलवा घुस आया। जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे राहत बचाव दल की टीम में स्थिति काबू में की गई। बता दें कि लगातार हो रही बारिश के कारण मंडलसेरा में आर्मी कैंटीन से विवेक. ानंद विद्या मंदिर विद्यालय तक पूरी सड़क नदी ने तब्दील हो गई। सड़क किनारे खड़ी एक कार व बाइक पानी के तेज बहाव में बह गई। साथ ही पूरे क्षेत्र में जल भराव की स्थिति बनी रही। इसी क्रम में ग्राम मगरोपहरी पटवारी क्षेत्र रवाईखाल के निवासी ललित कुमार पुत्र जगदीश राम एवं सन्तोष कुमार पुत्र जगदीश राम के घर पीछे से पहाड़ी से धंसने से पहाड़ी के सारा मलवा दोनों के आंगन व घर के अंदर तक भर गया। घर में रह रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन की टीम व एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घटना में ग्रामीणों के घर के अंदर रखा सारा सामान नष्ट हो गया। जिला आपदा प्रबंधन मद से पीड़ित परिवारों को 5000 की अहैतुक सहायता राशि के साथ कम्बल, तिरपाल, राशन किट दिया गया है। इसके अतिरिक्त लगातार हो रही बारिश से जिले में गुरुवार को दो दर्जन सड़कें यातायात के लिए बंद रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन की टीम लगातार घटना स्थलों पर नजर बनाए हुए है। साथ ही बंद सड़कों को खोलने के लिए लगातार मौके पर जेसीपी मशीनों के माध्यम से मलवा हटाया जा रहा है।

### सेंट जोसेफ तीसरे स्थान पर

**नैनीताल।** सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एचएन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबॉल टूर्नामेंट में वीरवार को तीसरे स्थान के लिए सेंट जोसेफ कॉलेज तथा एलपीएस मध्य खेला गया। मध्यांतर तक सेंट जोसेफ के टीम ने 3 गोल किए तथा मध्यांतर के बाद दो गोल किए तथा अंतिम स्कोर 5-0 रहा और सेंट जोसेफ कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। सेंट जोसेफ की तरफ से विहान कोहली ने दो तथा आदित्य चौधरी ने तीन गोल किए। फाइनल मुकाबला शुक्रवार (आज) भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल तथा सनवाल स्कूल के मध्य 5 बजे से खेला जाएगा। आज के मैच के रेफरी अपूर्व बिष्ट, चारू, भास्कर तथा जनक रहे।

### क्लीनिक में आग लगाने वाले अज्ञात पर केस

**काशीपुर।** मौहल्ला महेशपुरा में डॉक्टर के क्लीनिक में आग लगाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महेशपुरा निवासी डॉ. आमिर फैज ने तहरीर देकर कहा कि वह एक निजी अस्पताल में ईएमओ पद पर कार्यरत हैं। महेशपुरा में यूसुफ पटवारी वाली गली में अपना क्लीनिक खोलने की तैयारी कर रहे थे। क्लीनिक में करीब दो लाख रुपये का मेडिकल सामान रखा था, जिसका उद्घाटन 16 अगस्त, 2025 को होना था, लेकिन इससे पहले ही 11 अगस्त की सुबह करीब 3.38 बजे किसी ने पेट्रोल और मोबिल छिड़ककर आग लगा दी। जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक सफेद रंग कार दिखाई दी, जिस पर किसान यूनियन का स्टीकर लगा था।

### क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन आज

**काशीपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला खेल कार्यालय द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। एथलेटिक्स कोच सरफराज ने बताया कि क्रॉस कंट्री महिला एवं पुरुष ओपन दो वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रथम छह स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। दौड़ का आयोजन सुबह 7 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा।

### निरंकारी मिशन का वननेस वन अभियान 17 को

**काशीपुर।** संत निरंकारी मिशन की हरित चेतना और पर्यावरण के प्रति अटूट समर्पण को निरंतर आगे बढ़ाते हुए रविवार, 17 अगस्त को 'वननेस वन' परियोजना के पांचवें चरण के अंतर्गत देशभर में अनेक नए स्थलों को इस जन-सहभागिता अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रातः 6 से 9 बजे तक हज़ारों सेवादार एवं श्रद्धालु एकजुट होकर वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा और संरक्षण के संकल्प को दोहराएंगे। यह जानकारी निरंकारी मीडिया प्रकाश खेड़ा द्वारा की गई

### जिलेभर में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में अब मानसूनी बारिश आफत बनकर बरस रहीं है। इससे मलबा और बोल्डर आने से जिले की एनएच समेत स्टेट और नौ ग्रामीण सड़कों में गुरुवार को वाहनों की रफ्तार थमी रही। हालांकि प्रशासन की ओर से समय रहते मार्ग खोल यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत जिले भर में बुधवार रात से गुरुवार शाम तक भारी बारिश का दौर जारी रहा। बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अधिकांश समय लोगों घरों के अंदर ही दुबकने को मजबूर हुए। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, 24 घंटों के भीतर गुरुवार सुबह आठ बजे तक सबसे अधिक बारिश 91 मिमी बारिश चौखुटिया और अल्मोड़ा में 35.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी जमकर बारिश हुई। तीन जिलों की लाइफलाइन अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच के बंद होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के बीच क्वारब मार्ग में मलबा और बोल्डर आने से सड़क बंद हो गई। मार्ग बंद होने से यात्रियों को वैकल्पिक मार्गो का सहारा लेना पड़ा। क्वारब में आए मलबे और बोल्डरों को हटाने के लिए जेसीबी और पोकलैंड लगाई गई, लेकिन लगातार बारिश के कारण मलबा हटाने में काफी दिक्कतें आईं। इस कारण यातायात सुचारू नहीं किया जा सका। दिन भर यातायात बंद रहने से तराई और पहाड़ के बीच आवाजाही वैकल्पिक मार्गों के ही सहारे चली।

# विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता : धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को यहां एक निजी होटल में अयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया व विभाजन विभीषिका स्मृति स्थल का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर विभाजन का दंश झेलने वाले बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दिन भारत दो देशों में विभाजित हुआ। एक ओर 1947 को आजादी का जश्न मना रहे थे किंतु दूसरी ओर देश के विभाजन का भी हमने दु:ख सहा है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के कारण सामने आई परिस्थितियों को देखते हुए भारत दो टुकड़ों में विभक्त हुआ। लाखों लोग इधर से उधर हुए उनका घर-बार छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गईं। भारत के लिए यह किसी विभीषिका से कम नहीं थी। वर्ष 2021 में इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' मनाने का निर्णय लिया। तब से यह दिन मनाया जा रहा है, जिससे हम अपने उन लाखों सेना. नियों व परिवारजनों से बिछड़े लोगों के बलिदान को याद कर सके। सूबे के कृषि, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने यहां कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।



-विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया प्रतिभाग

इस दौरान उन्होंने विभाजक विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी का अवलो. कन किया व विभाजन के दौरान बलिदान हुए लोगों की आत्मिक, शांति एवं श्रद्धांजलि हेतु हवन यज्ञ में भी प्रतिभाग किया। साथ ही विभाजन विभीषिका पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन भी किया। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आजादी के दौरान बड़े स्तर पर लोगों का पलायन हुआ। विभाजन के दौरान हमारे पूर्वजों ने कष्ट सहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सीएए, लाई इससे सालों पहले अपने देश वापस लौटे लोगों को नागरिकता मिलने का रास्ता आसान हुआ है। महापौर/कार्यक्रम संयोजक दीपक बाली ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने इस देश की आजादी के लिए विभाजन का दंश झेला है। बीते 75 सालों में संविधान में कई बदलाव किए गए परंतु पहली बार इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीएए जैसा कानून लाकर पलायन कर भारत लौटे अनगिनत नागरिकों को नागरिकता देने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री धामी से विस्थापित पंजाबी व अन्य जातियों के लोगों दी गई लीज भूमि का मालिक. ाना हक देने, गरीब निर्धन पंजाबी परिवारों को आर्थिक साहयता देने एवं स्मृति स्थल पर लाला लाजपत राय की प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी। इस दौरान कार्यक्रम में आये विभाजन के दौरान असीम यातनाएं सहने वालों व उनके परिजनों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर रुद्रपुर विकास शर्मा, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा, रविंद्र राणा, दर्जा मंत्री दिनेश मानसेरा, रजाना बेगम, शायरा बानो, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, कमल जिंदल, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, स्वामी हरि चौतन्यपुरी महाराज, राम मेहरोत्रा, खिलेन्द्र चौधरी, पुष्कर काला, सत्यवान गर्ग, राजीव ठुकराल, डॉ. यशपाल रावत, प्रशांत गहतौड़ी, कल्पना राना, प्रियंका अग्रवाल, ललित बाली, बिना नेगी, सुरेश सैनी, अनिल डाबर, अश्वनी छाबड़ा, शोभित गुड़िया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अधिशासी निदेशक चीनी, एपी बाजपेई, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### किशोर की हत्या के विरोध में आक्रोश, बारिश में भी धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में 10 वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या के खिलाफ जन आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को भारी बारिश के बावजूद लोगों का धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस जांच को भ्रामक बताते हुए नारेबाजी की और सीबीआई जांच की मांग को फिर दो. हराया। गुस्साए लोगों ने जिला प्रशासन का पुतला भी फूंका। धरना स्थल पर मृतक किशोर के परिवार के साथ जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने हत्या की बर्बरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस का यह कहना कि दुष्कर्म में नाकाम होने पर हत्या की गई, बेहद संदेहास्पद है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कोई सामान्य अपराधी ऐसी बात छिपाने के लिए शव के टुकड़े-टुकड़े करेगा? मृतक के परिजनों ने पुलिस पर अविश्वास जताते हुए कहा कि अब केवल सीबीआई जांच से ही सच्चाई सामने आ सकती है। उन्हें स्थानीय जांच एजेंसियों से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। धरना व पुतला दहन में नानक चंद, हरीश कश्यप, अंकित मौर्य, राजा बाबू, हिमांशु मौर्य, अवनीश, करन, सूरज मौर्य, करन जीना, राहुल मौर्य, विक्रम मौर्य, सुशील मौर्य, नरेन्द्र मौर्य, पीतम मौर्य, आर्येंद्र शर्मा, आरपी सिंह, विरेन्द्र कुमार मौर्य, अमन, पवन वर्मा, सचिन मौर्य, हर्षित, भूपेश, वेदप्रकाश (बंटी), गणेश मौर्य, सचिन, जयवीर, राहुल मौर्य, राजेन्द्र, महेंद्र पाल, पिंटू, धर्मवीर, सौरभ मौर्य, विनय, गौरव, गौतम, विशाल मौर्य, सत्यवान, सन्तोष, गोपाल, भूपेंद्र, ललित कश्यप आदि शामिल रहे।

# सूर्या फाउंडेशन ने किया कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ग्राम करनपुर में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया, जिससे ग्रामीण युवाओं को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। केंद्र का उद्घाटन सूर्या फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन हेमंत और सूर्या रोशनी लि. काशीपुर प्लांट हेड शुभम चमोली ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में ग्राम प्रधान हरिओम सुधा, वरिष्ठ समाजसेवी रवि साहनी, तुलसी क्लस्टर कोषाध्यक्ष रेखा तिवारी तथा जोन इंचार्ज शिव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि हेमंत ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में असीम संभावनाएं हैं और सही प्रशिक्षण से वे आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र को गांव की प्रगति के लिए मील का पत्थर बताया। शुभम चमोली ने कहा कि सूर्या रोशनी का उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को हर गांव तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी युवा तकनीकी ज्ञान से वंचित न रहे। ग्राम प्रधान हरिओम सुधा ने कहा कि यह केंद्र आने वाले समय में सैकड़ों विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और गांव को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा। संचालन करते हुए उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार, अमनदीप कौर, संध्या कोहली, हेमा, कविता, प्रिया लोहनी, रवि कुमार, सचिन कुमार, प्रियांशु जोशी, सरनजीत आदि उपस्थित रहे।




### स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो शातिर स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 51.74 ग्राम स्मैक पकड़ी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसआई जगबीर सिंह, कांस्टेबल मो. यासीन, लक्ष्मण राम, भूपेंद्र जेस्ठा और अरुण राठौर गौलपुल पिकेट पर चेकिंग कर रहे थे। तभी चोरगलिया की ओर से मोटर साइकिल पर सवार दो युवक आते दिखे। दोनों भागे, लेकिन पकड़े गए। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अर्जुन उर्फ नन्नू पुत्र बाबूलाल निवासी टनकपुर रोड 16 क्वार्टर राजपुरा हल्द्वानी और सचिन पुत्र चंन्दरपाल निवासी राजेंद्र नगर राजपुरा हल्द्वानी बताया। तलाशी में अर्जुन के पास से 36.98 व सचिव के पास से 14.76 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद स्मैक वह शक्तिफार्म में रहने वाली दीदी नाम की महिला से खरीद कर लाए थे। बनभूलपुरा थाना प्रभारी सुशील जोशी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में घायल हुए बन्नाखेड़ा के व्यक्ति ने हल्द्वानी के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार बन्नाखेड़ा बाजपुर निवासी 34 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र बलजीत सिंह को एक अगस्त को घर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुए। परिजन उन्हें हल्द्वानी के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। बुधवार को उपचार के दौरान मनोज ने दम तोड़ दिया। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# जिला पंचायत सदस्यों का 'अपहरण'!

## राजनीतिक बवाल की मूकदर्शक बनी रही पुलिस, उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के 500 मीटर के दायरे से पांच जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण के मामले से नैनीताल शहर में हड़कंप मच गया है। अज्ञात लोगों के झुंड ने धारा 163 का उल्लंघन कर पुलिस बल के बीच से ही सदस्यों के अपहरण को अंजाम दिया। मूकदर्शक बनी रही पुलिस पर पूरा शहर सवाल उठा रहा है। बता दें कि वीरवार को नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों के लिए सुबह 10 बजे मतदान शुरू हो गया था। मतदान के लिए कुछ जिला पंचायत प्रत्याशी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृयदेश व पूर्व विधायक संजीव आर्य के साथ जू रोड से जिला पंचायत की ओर जा रहे थे। इस दौरान अचानक रंगबिरंगी बरसाती पहने लगभग 10 से 12 अज्ञात लोगों ने जिला पंचायत सदस्यों को रोक लिया। इससे पहले जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेसी कुछ समझ पाते अज्ञातों ने जिला पंचायत सदस्यों को पकड़कर खीचना शुरू कर दिया। इस दौरान बीच बचाव कर रहे कांग्रेसियों के साथ भी अज्ञातों ने धक्कामुक्की कर दी। देखते ही देखते अज्ञातों ने सदस्यों को खींचते हुए लगभग 100 मीटर घसीटा। जिसके बाद मालरोड पर पार्क वाहन में सदस्यों को अगवा कर लिया। अपहरण की घटना के बाद कांग्रेसी नेताओं ने हंगामा किया साथ ही भाजपा और पुलिस पर आरोप लगाते हुए चुनाव का बहिष्कार कर दिया। मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो शहर में हडकंप मच गया 12 लोगों की ओर से वोट डालने के बाद जिला पंचायत में मतदान रूक गया। जिसके बाद घटना से गुस्साए कांग्रेसी लगभग साढ़े ग्यारह बजे









न्याय की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गए, जिसके बाद हाईकोर्ट के निर्देश पर लगभग डेड़ बजे पुलिस सुरक्षा के साथ 10 जिला पंचायत सदस्य मतदान करने जिला पंचायत परिसर में पहुंचे। वहीं हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अगवा किए गए पांच सदस्यों को पुलिस खोज रही है।

**हल्द्वानी।** उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय का हम सभी कांग्रेसजन हृदय से स्वागत और सम्मान करते हैं। भाजपा सरकार ने प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत से लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया। कांग्रेस के 5 जिला पंचायत सदस्यों को पुलिस की मौजूदगी में जबरन मारपीट कर मतदान स्थल से अपहरण किया गया, ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग न ले सकें। यह ख्रत्य लोकतंत्र की सीधी हत्या है। आज उच्च न्यायालय ने लोकतंत्र की रक्षा और संरक्षण का जो साहसिक व नेक कार्य किया है, वह काबिले-तारीफ है। इसके लिए हम उच्च न्यायालय के आभारी हैं। साथ ही, मैं अपने सभी साथियों और सहयोगियों का उनके अदम्य संघर्ष, एकजुटता और समर्थन के लिए हृदय से न्यवाद करता हूं। सत्यमेव जयते।



**सुमित हृदयेश, विधायक हल्द्वानी।**

## पुलिस की भूमिका संदिग्ध: संजीव

**शाहे टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पूर्व विधायक संजीव आर्य बताते हैं कि जितने भी पुलिसकर्मी वहां पर मौजूद थे जो मूकदर्शक बनकर खड़े रहे। उन्होंने कहीं पर भी संपूर्ण प्रकरण व मारपीट करके ले जाया जा रहा था रोकने का प्रयास नहीं किया, जिसके बाद उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी व एसएसपी को को निर्देश दिया कि जिन पांच सदस्यों को ले जाया गया है उन्हें खोजकर जल्द से जल्द चुनाव में शामिल कराएं और इसकी रिपोर्ट आज शाम 4 बजे तक हाईकोर्ट में पेश करें, जब हाई कोर्ट द्वारा जवाब मांगा गया तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बयान में कहा गया कि ना लापता लोगों को नही खोज पा रहें है ना ही उनकी लोकेशन मिल पा रही है जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एसएसपी को सख्त निर्देश दिए थे कि वह इस चुनाव के लिए पूरी तैयारी रखें उच्च न्यायालय द्वारा कहा गया है कि कहीं ना कहीं एसएसपी द्वारा पूरे प्रकरण को निंदनीय माना है। पुलिस की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। बताया कि जल्द ही 5 लोगों को नही ला पाए तो एसएसपी व जिला प्रशासन कार्रवाई के लिए तैयार रहें। डीएम ने कहा कि हम एक घंटे में निर्वाचन को री-पोलिंग के लिए पत्र भेज रहे हैं।

# लाखन ने समर्थकों के साथ निकाला जुलूस



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में वीरवार को जिला पंचायत के चुनाव में मचे बवाल के बाद देर शाम जिला पंचायत की कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पुष्पा नेगी के पति लाखन नेगी ने अपने समर्थकों के साथ नगर में जुलूस निकालकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार में जिला पंचायत चुनाव में धांधली बरतने का आरोप लगाया। इससे पूर्व नेगी समेत उनके समर्थक मल्लीताल में एकत्र हुए। उसके बाद उन्होंने तल्लीताल से मल्लीताल तक भारी नारेबाजी के बीच जुलूस निकाला। इस दौरान गुस्साए कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार विशेषकर सीएम पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि धामी सरकार ऐन केन प्रकारेण जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर अपने प्रत्याशी को काबिज करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## ललित जोशी की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हल्द्वानी नगर निगम मेयर गजराज बिष्ट को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। गजराज सिंह बिष्ट के चुनाव को हाईकोर्ट में चुनौती देने वाली याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने गजराज सिंह जिला के चुनाव को सही माना है। हाईकोर्ट पहुंचे मेयर प्रत्याशी ललित जोशी का कहना था वोटों की गिनती के दौरान करीब उनके पक्ष में पड़े रहे 3000 से अधिक वोटों को रद्द कर दिया था। लिहाजा चुनाव को खारिज किया जाना चाहिए वहीं पूर्व में भी ललित मोहन के द्वारा जिला न्यायालय में याचिका दायर की थी। मगर ललित मोहन जोशी को जिला न्यायालय से भी राहत नहीं मिली जिसके बाद ललित मोहन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की जिसके बाद हाईकोर्ट ने भी ललित की याचिक को खारिज कर दिया।

# तिरंगा यात्रा का जश्न मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा वीरवार को तिरंगा यात्रा का जश्न मनाया गया जिसमें सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया गया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई तथा देश के जवानों को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत ने कहा कि देश को आजाद कराने में हमारे स्वतंत्रता संग्राम के सैनानियों का योगदान हम सब को प्रेरित करता कि हम मिल कर देश को आगे ले जाए तथा तथा हर नागरिक की जिम्मेदारी की देश के विकास में योगदान करें। इस अवसर पर कुलपति को तिरंगा भेट किया गया तथा इंडिया टुडे में 27वीं रैंक आने पर शॉल ओढ़ाकर तथा गणेश जी भेट कर सम्मानित भी किया गया। डीएसबी परिसर में आज तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों ने सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर डीएसडबलु प्रो. संजय पंत ने सभी को बधाई देते हुए धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने नैनीताल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्याम लाल वर्मा, बांके लाल कंसल तथा डूंगर सिंह बिष्ट के योगदान को बताया। तिरंगा यात्रा में वन्दे मातरम ए जय हिंद तथा भारत माता की जय के नारे लगे।



ज्योलीकोट नैनीताल क्षेत्र की प्रमुख शिक्षण संस्थान नैंसी नर्सिंग कॉलेज और नैनसी कांवेंट के द्वारा प्रबंध निदेशक संजय सिंह के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें छात्र छात्राओं तथा प्रशिक्षणार्थियों और विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय परिसर से वाद्य यंत्रों और देशभक्ति के गीतोंए नारों के साथ निकली यात्रा नलेना, भल्यूटी, ज्योलिकोट बाजार से होकर रामलीला मैदान और उसके बाद पुन: विद्यालय परिसर में पहुंची जहां उसका समापन किया गया।

# धारी ब्लॉक की भावना सबसे युवा ब्लॉक प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी ब्लाक के ब्लाक प्रमुख की कुर्सी सबसे युवा ब्लाक प्रमुख भावना (22) ने जीत



दर्ज की। उन्होने बीजेपी की अधिकृत प्रत्याशी रेखा आर्या को मात्र एक वोट से हराया। बता दें कि विकास खंड धारी में कुल 27 क्षेत्र पंचायत सदस्य थे जिसमें से 14 मत भावना को मिले व 13 मत भाजपा की रेखा आर्या को मिले। इस बार बलाक प्रमुख सीट अनूसूचित महिला होने के कारण कई दिग्गज नेता पहले ही बलाक प्रमुख की दौड़ से बाहर हो गये। धारी में ब्लाक प्रमुख का मतदान शांति पूर्ण रहा। सुबह से भारी बारिश के बीच धारी में बीजेपी व निर्दलीय व कांग्रेसी समर्थक डटे रहे। भावना की जीत के बाद पहाड़पानी के नजदीकी गांव सेलालेख अनर्पा तल्ली व मल्लीए दीनी व महतोल्या में खुशी लहर है। भावना लंबे समय से अपने माता.पिता के साथ सामाजिक कार्यो में सक्रिय रही हैं। उनके माता व पिता दोनों ही ग्रामसभा मज्यूली के प्रधान पद पर रह चुके हैं। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख कृपाल महरा ने कहा कि बलाक का कार्यभार एक पढ़े लिखो के हाथ में आ गया है इससे क्षेत्र के विकास में काफी सुधार होगा साथ ही सभी क्षेत्रों में विकास कि गति को बढ़ावा दिया जाएगा। धारी ब्लॉक अब एक मॉडल ब्लॉक बनेगा।

# भीमताल ब्लॉक में भाजपा के हरीश बिष्ट की वापसी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक प्रमुख की सीट पर लगातार दूसरी मर्तबा भाजपा प्रत्याशी डा. हरीश सिंह बिष्ट ने जीत दर्ज की। डा. हरीश सिंह बिष्ट 38 में से 28 मत प्राप्त कर विजय हुए जबकि ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख में उमेश चंद्र पलड़िया को 38 में से 21 मत प्राप्त कर विजय हुए। कनिष्ठ प्रमुख रागिनी निर्विरोध बनी। इस बीच डा. बिष्ट ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के आपार समर्थन आशीर्वाद एवं सभी सहयोगकर्ताओं भाजपा शीर्ष नेतृत्व जिला नेतृत्व का आभार व्यकत किया है। बता दें डा. बिष्ट ने कांग्रेस के हिमांशु पांडे को पराजित किया। बिष्ट पंचायत राजनी. ति एवं पंचायतों में कार्य करने वाले ऐसे ब्लॉक प्रमुख है जो गांव के अंतिम छोर तक विकास कार्यो को करवाने के साथ ही उनकी मॉनिटरिंग



भी करते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह में एक दिवस जन समस्याओं के निवारण हेतु जनता दरबार लगते हैं। पूर्व में दीनदयाल उपाध्याय शस्तीकरण पुरस्कार से भी सम्मानित हुए हैं। पंचायत राजनीति में लंबा अनुभव रहा है। पंचायतों को आत्मनिर्भर करने का भी लक्ष्य रहा है जिसमें उन्होंने पंचायत में गेस्ट हाउस, व्यू पॉइंट, ओपन थियेटर सहित गांव में संपर्क मार्ग पेयजल टैंकों तथा धार्मिक स्थानों के सौंदर्यीकरण जैसे अनेकों कार्य पिछले 5 वर्षो कार्यकाल में किए हैं। जिनमें पंचायतों को आत्मनिर्भर अपनी आय सृजित करने वाले अधिकाश कार्य समलित हैं। पूर्व के कार्यकाल में पंचायतों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अने. कों विकास कार्य किए हैं। पंचायतों में अनुभवी व्यक्तित्व रहा है। जनता ने कहा बिष्ट जी सादगी और सरल व्यक्तित्व है इसीलिए अधिकाश लोग उन्हें पसन्द करते है। बिष्ट ने क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनाव लड़ते समय हिमांशु बिष्ट को भारी अंतर से हराया साथ ही पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे की पत्नी मीनू पांडे की जमानत जप्त कराई है। डा. बिष्ट के समर्थकों में खुशी की लहर के साथ ब्लॉक से उनके आवास तक भारी संखया में जगह जगह पर उनको फूल मालाओं से स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा शीर्ष नेतृत्व जिला नेतृत्व सहित सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

## रामगढ़ बना कांग्रेस का गढ़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** रामगढ़ एक बार फिर कांग्रेस का गढ़ बन गया है। रामगढ़ में नए ब्लाक प्रमुख दीपक कुमार, रणजीत सिंह जीना उप प्रमुख, पुनम मेहता कनिष्ठ प्रमुख बने। सभी विजयी प्रत्याशीयों 20 वोट मिले। रामगढ़ में ब्लाक प्रमुख पद अनु. जाति आरक्षित है। ऐसे कई नेता पहले ही दौड. बाहर निकल गये। लेकिन बीज. पी पार्टी अधिकृत प्रत्याशी तुलसी देवी को ब्लाक प्रमुख पद के लिए उतारा। जिन्हे मात्र 11 वोट मिले। विकासखंड रामगढ़ में क्षेत्र पंचायत सदस्य की कुल 31 सीटें हैं। जिसमें 16 महिला व 15 पुरुष के क्षेत्र पंचायत सदस्य है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में आयोजित एसएसबी (सेवा चयन बोर्ड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन सत्र में मुखय रूप से ब्रिगेडियर शंकर प्रसाद (सेनि.) और कार्यक्रम समन्वयक डा. रीतेश साह उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभागी कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन का एक अविस्मरणीय अवसर रहा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण ने न केवल उन्हें एसएसबी की तैयारी में निपुण बनायाए बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास भी किया। कैडेट्स ने विशेष रूप से ब्रिगेडियर शंकर प्रसाद की मार्गदर्शन शैली और अनुभव आधारित प्रशिक्षण की सराहना की। ब्रिगेडियर शंकर प्रसाद ने समापन भाषण में कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण के हर पहलू को गंभीरता से अपनाते हैं और अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने कैडेट्स को यह सीख अपने जीवन के हर क्षेत्र में लागू करने की सलाह दी। डा. रीतेश साह ने कहा कि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह अनुभव उन्हें न केवल रक्षा सेवाओं मेंए बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाएगा।कार्यक्रम में नैनीताल, हल्द्वानी और खटीमा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# बीमारियों से दूर रखता है ओउम् का उच्चारण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने कहा कि वैज्ञानिकों ने संस्कृत में ओउम् की ध्वनि को सृष्टि की प्रथम ध्वनि के रूप में माना है।



नासा जैसी वैज्ञानिक शोध संस्था ने माना है कि सूर्य की किरणों के माध्यम से प्रतिदिन ओउम् की ध्वनि पृथ्वी तक पहुँचती है, ओउम् के उच्चारण से विभिन्न बीमारियों जैसे निम्न रक्तचाप व उच्च रक्तचाप को नियमित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत संस्कारों की भाषा है, संस्कृत मनुष्य को सुसंस्कृत बनती है। भारत वर्ष की आत्मा संस्कृत में ही बसती है। उन्होंने राजा भोज की कथा का उदाहरण देते हुए संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला, साथ ही उन्होंने वेदों में निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों की चर्चा की और वेदों को ज्ञान का भंडार बताया। डा. जयति दीक्षित ने संस्कृत भाषा को कर्ण प्रिय भाषा बताते हुए कहा कि संस्कृत भाषा ही एकमात्र भाषा है जिसे बोलते हुए आरोह, अवरोह की सुंदर गति बनती है। डा. तरुण कुमार आर्य ने संस्कृत दिवस के आरंभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हाल ही में उत्तराखंड शासन ने राज्य के प्रत्येक जिले में एक आदर्श संस्कृत ग्राम की योजना के बनाई गई है जिससे राज्य में संस्कृत के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग प्रभारी डा. निर्मला ने किया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को संस्कृत भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है तथा भारतीय संस्कृति का मूल है। महाविद्यालय की छात्राओं शिवानी, बबीता करगेती, बबीता तथा छाया ने सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। बीए प्रथम वर्ष के छात्र सुनील सिंह बिष्ट ने श्लोकोच्चारण किया। कार्यक्रम में डा. इप्सिता सिंह, ममता पांडे, डा. फरजाना अजीम, भास्करानंद पंत, सपना आर्या, अनिल, मुकेश, ललित, प्रेमा, सुनील, मनजीत, दीक्षा, कोमल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अधिवक्ता को अपने ही मुवक्किल से मिली धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उच्च न्यायालय नैनीताल में कार्यरत एक अधिवक्ता ने अपने ही मुवक्किल के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में वसुंधरा कॉलोनी, धानमिल बरेली रोड निवासी अधिवक्ता आयुष गौड़ पुत्र देवेंद्र गौड़ ने बताया कि पिछले वर्ष मल्ला दन्या, अल्मोड़ा निवासी मोहि. हत प्रहलाद जोशी उनके पास अपने फौजदारी मामलों के संबंध में आया था। आयुष और उनके सहयोगी अधिवक्ता ने मोहित के पक्ष में नैनीताल और मुंबई की अदालतों में पैरवी की और उसकी जमानत भी कराई। आरोप है कि 14 जुलाई की शाम जब आयुष अपने घर लौट रहे थे, तभी मोहित का फोन आया। बात. चीत के दौरान जब आयुष ने केस की प्रगति के बारे में बताया, तो मोहित उग्र हो गया और गाली-गलौज करते हुए एक लाख रुपये की मांग करने लगा। उसने कहा कि यदि दो दिन के भीतर पैसे नहीं दिए गए, तो वह जान से मार देगा। यही नहीं, 15 जुलाई को भी मोहित ने फोन कर फिर से रंगदारी की मांग की। आयुष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। पुलिस ने आयुष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस प्रत्याशियों को पड़े अवैध मतों पर मचा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर मतगणना के दौरान कलर के आधार पर कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रत्याशियों को पड़े एक-एक मत को अवैध घोषित करने से नाराज जिलेभर के कांग्रेसियों का आक्रोश कलक्ट्रेट में जा फूटा तथा देर रात तक धरने पर बैठ गए।

आक्रोशित कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पंचायत एक्ट के मुताबिक पुनर्मतगणना कर मामले की जांच की मांग की। यह भी आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा के इशारे पर निर्वाचन आयोग जनतंत्र का माखौल उड़ा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन ने धरना स्थल पर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आक्रोश को शांत कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की मतगणना के दौरान उस समय बड़ा हंगामा हो गया, जब अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशियों के एक-एक मत इस कारण अवैध कर दिए गए कि मतदान में एक सदस्य द्वारा काली पेन का प्रयोग किया गया था, जबकि सदस्यों का कहना है कि मतदान के लिए प्रयुक्त होने वाली पेन मतदान स्थल पर मतदान में तैनात कार्मिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। मालूम हो कि कांग्रेस के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को काली पेन से पड़े मत को अवैध घोषित किए जाने से भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को विजयी घोषित किया



गया। इसकी जैसे ही कांग्रेसियों को खबर लगी तो बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मतगणना स्थल कलक्ट्रेट परिसर पहुंच गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे और केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग और सत्ताधारी भाजपा के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।

आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जिला पंचायत सदस्यों का आरोप था कि मतदान स्थल पर तीन पेन उपलब्ध करायी गई थी, जिसमें काली स्याही की पेन भी रखी गई थी तथा किसी भी सदस्य को यह नहीं बताया गया था कि काली पेन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। सदस्यों का यह भी आरोप था कि जब मतदान में काली स्याही की पेन का प्रयोग वर्जित था तो मतदान स्थल पर यह पेन क्यों उपलब्ध करायी गई। इसे एक साजिश करार देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग एवं सत्ताधारी भाजपा का षड़यंत्र बताया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देर रात तक कलक्ट्रेट परिसर में धरना दिया और मतगणना पर अंसतोष जताया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने धरना स्थल पर पहुंचकर पूरी बात का संज्ञान लिया तथा आश्वास्त किया कि उनकी मांग आयोग को भेजी जाएगी।

पूर्व विधायक मनोज रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र बिष्ट, कुलदीप कंडारी, कांग्रेस नेता दिगम्बर गुसाई, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल आर्य, अंकुर रौथाण, राम सिंह बिष्ट, वीर सिंह बुडेरा, लक्ष्मण सिंह रावत आदि कांग्रेसियों ने रोष जताया कि कांग्रेस प्रत्याशियों को रो. कने के लिए यह षड़यंत्र रचकर लो. कतंत्र की हत्या की जा रही है।

आक्रोशित कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि रुद्रप्रयाग में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर हुए मतदान की पुनर्मतगणना पंचायत राज एक्ट के मुताबिक की जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में न्यायालय से भी पैरवी की जाएगी। साथ ही देर रात तक कांग्रेसी कार्यकर्ता मतदान की सीसीटीवी फुटेज दिखाने की भी मांग करते रहे।

आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे एक गंभीर साजिश बताते हुए जांच की भी मांग की। इस दौरान अध्यक्ष प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण, उपाध्यक्ष प्रत्याशी संपंन नेगी, जिला पंचायत सदस्य पवन लाल, सरोज राणा, अजयबीर भंडारी, कांग्रेस नेता कुंवर लाल आर्य, अर्जुन सिंह गहरवार, सहित अन्य मौजूद थे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम

■ लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल के बच्चे बने राधा-कृष्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डीडी चौक पर स्थित लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों, झंडियों और लड्डू गोपाल, कृष्ण-लीला की झांकियों से सजाया गया व आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है, जो अधर्म पर धर्म की विजय और प्रेम ,भक्ति और ज्ञान का संदेश देता है इस शुभ अवसर पर विद्यालय में प्ले ग्रुप के नन्हे- मुन्ने बच्चों के द्वारा कृष्ण-राधा की सुंदर-सुंदर झॉंकी, राधा - कृष्ण बनो प्रतियोगिता, हांडी फोड़ और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। चारों सदन बचेंद्री , आर्यभट्ट , कल्पना और एपीजे अब्दुल कलाम के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ जन्माष्टमी सूचना पट सजावट प्रतियोगिता में भाग लिया। इस आयोजन में दही हांडी की प्रतियोगिता एक प्रमुख आकर्षण का दृश्य रहा जिससे खुश होकर परविंदर कौर ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भारत का एक प्रमुख त्योहार है इस परंपरा को हमारे विद्यालय में भी बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया, जिससे बच्चों को श्री कृष्ण के विषय में पता चला और वह उनके जयकारों का उद्घोष करने लगे हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की व श्रीकृष्ण- राधा बने बच्चों और सहयोगी अध्यापिकाओं व अभिभावकों के सहयोग की प्रशंसा की और विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में परंपराओं के प्रति प्रेम, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कर्म करने का संदेश दिया और कहा कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत कीजिए फल देने वाला ईश्वर है। इस आयोजन में स्कूल के वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना , उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा वह समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# ट्रक और पिकअप की हुई जबरदस्त भिड़ंत

■ पिकअप के उड़े परखच्चे
■ पिकअप सवार लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एनएच 74 हाईवे पर ट्रक और पिकअप की भिड़ंत हो गई। इससे पिकअप में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को वाहन से बमुश्किल बाहर निकाल उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया। हादसा जबरदस्त था, पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

मिली सूचना के अनुसार काशीपुर रोड महतोष मोड़ के पास कट पर आज गुरुवार दोपहर ट्रक की पिकअप से जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। भीषण हादसे में पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे सवार चालक सहित तीन लोग बुरी तरह वाहन के भीतर फंस गए। हादसे के दौरान मौके पर आस पास के लोग पहुंचे और उन्होंने वाहन में फंसे घायलों को बमुश्किल बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

मौके पर काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों वाहनों को हटवाया और यातायात सुचारू कराया। बताया जा रहा है कि घायलों के परिजन पहुंच गए। वह लोग जयनगर क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

## एक नजर

# टेबल फैन से महिला को लगा करंट, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला आजादनगर में घर में फर्श पर गिरे टेबल फैन को उठाने के दौरान एक महिला को करंट लग गया। परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश निवासी अंकित कुमार ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला आजादनगर वार्ड 7 में पत्नी 24 वर्षीय पिंकी व एक छोटी पुत्री के साथ किरायेदार के रूप में रहकर काम करता है। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर पिंकी घर में टेबल फेन चलाकर काम कर रही थी इसी दौरान पंखा नीचे फर्श पर गिर गया। पिंकी ने ज्यों ही पंखे को उठाना चाहा वह करंट की चपेट में आ गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर घर में मौजूद परिजन व आस पड़ोस के लोग भी आ गये। पिंकी को पंखे का स्विच हटाकर करंट से अलग कर उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका पिंकी के परिजन भी यहां आ गये और उनमें कोहराम मच गया।

# युवाओं को मिलेगा एमटी थरकोट की ऊंची चोटियों पर चढ़ने का मौका

**शाह टाइम्स संवाददांता**

**रुद्रपुर।** जिले के युवाओं के लिए बागेश्वर की एमटी थरकोट की ऊंची चोटियों पर चढ़ने का मौका है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बताया कि इसके लिए कुमाऊं क्षेत्र के 10 प्रतिभागियों का चयन उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, देहरादून की समिति करेगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि स्वरोजगार सृजन और रोमांचक खेलों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025 में बागेश्वर स्थित 6099 मीटर ऊंची एमटी थरकोट चोटी पर पर्वतारोहण अभियान आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थियों को 25 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन, आवश्यक प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ जमा करना होगा।

प्रतिभागियों के पास किसी राष्ट्रीय पर्वतारोहण संस्थान से बेसिक और एडवांस ए श्रेणी का प्रशिक्षण होना अनिवार्य है। पिछले वर्ष अभियान में शामिल हुए अभ्यर्थियों को इस बार सूची में नहीं रखा जाएगा। अधिक जानकारी और आवेदन प्रारूप के लिए जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय रुद्रपुर से संपर्क किया जा सकता है।

# अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को पकड़कर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध नशे का कारोबार चलाने वाले लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत बाजार चौकी कोतवाली खटीमा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए खटीमा, वार्ड नंबर 8 इस्लाम नगर निवासी अभियुक्त नबी हसन पुत्र आजाद खान को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 11.23 ग्राम शुद्ध अवैध स्मैक बरामद हुआ।

वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय की समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई ललित मोहन रावल, एसआई पंकज सिंह महर, कांस्टेबल नवीन खोलिया, शाहनवाज अंसारी तथा राजेंद्र गिरी शामिल थे।

# ब्लॉक प्रमुख पद पर भाजपा का सूपड़ा साफ

■ निर्दलीय मंजू नेगी ने किया ब्लॉक प्रमुख कुर्सी पर कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विकासखंड रामनगर के ब्लॉक प्रमुख,ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख और कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर रामनगर विकासखंड के अंतर्गत जीत दर्ज करने वाले 31 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मतदान की कार्रवाई में भागीदारी की। मतदान में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

ब्लॉक प्रमुख पद पर इस बार भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। ब्लॉक प्रमुख पद पर निर्दलीय के तौर पर मंजू नेगी ने जहां एक और अपनी दावेदारी की थी तो वहीं भाजपा के हंसी जलाल को इस पद पर अपना प्रत्याशी बनाया था।गुरुवार शाम को चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम प्रमोद कुमार ने परिणामी की घोषणा करते हुए बताया कि ब्लॉक प्रमुख पद पर मंजू नेगी ने 19 मत प्राप्त कर ब्लॉक प्रमुख पद पर जीत दर्ज किया तो वहीं भाजपा की हंसी जलाल को केवल 12 मत मिले इसके अलावा ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर संजय नेगी ने 20 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की तो वहीं उनके प्रतिद्वंदी कंचन चौधरी को मात्र 11 मत मिले तो वही कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर मीना रावत ने 18 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की जबकि उनकी प्प्रतिद्वंद्वी बसंती आर्य को मात्र 12 मत प्राप्त हुए इस पद पर एक क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा किसी को भी मत नहीं दिया गया था सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के समर्थकों में परिणाम आने के बाद खुशी की लहर दौड़ गई तो वहीं समर्थको ने सभी जनप्रतिनिधियों का माला पहनकर ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया तो वही नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख, नवनिर्वाचित ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी और कनिष्ठ प्रमुख मीना रावत ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि रामनगर विकासखंड के विकास कार्यों को अब तेजी के साथ किया जाएगा।उसके बाद ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी और कनिष्ठ प्रमुख मीना रावत के समर्थकों ने आतिशबाजी कर जूलूस निकाला।इस दौरान जुलूस में पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम,कांग्रेस नेता ताईफ खान,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार,सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद सचिन कुमार,पूर्व सभासद शिल्पेंदर बंसल, गोपु अधिकारी,प्रधान नवीन सती,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य किशोर चंद्र,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरेंद्र चौहान आदि सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी सुखमन कौर औलख बनीं ब्लॉक प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** प्रदेश में हुए ब्लॉक प्रमुख चुनाव में बाजपुर से कांग्रेस की प्रत्याशी सुखमन कौर औलख ने बीजेपी के प्रत्याशी को हराकर अपनी जीत दर्ज की। सुखमन कौर औलख पूर्व में 17 बर्ष ब्लॉक प्रमुख रहे सरदार स्वर्गीय दीनदयाल भुल्लर की पुत्रबधू हैं। उन्होंने आज ये इतिहास एक बार फिर से कायम किया। बाजपुर ब्लॉक प्रमुख के लिए 40 क्षेत्रपंचायत सदस्यों ने मतदान किया जिसमें कांग्रेस की प्रत्याशी सुखमन कौर को औलख को 27 मत बही बीजेपी के प्रत्याशी विकास शर्मा को 13 मत मिले। सुखमन कौर औलख पत्नी जोरावर सिंह भुल्लर ने 14 वोटों के बड़े आंकड़े से जीत दर्ज की। साथ ही सुखमन कौर औलख पत्नी जोरावर सिंह भुल्लर ने इस जीत को जनता की जीत बताया और कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद व्यक्त किया।

# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मंगलवार को परंपरागत एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रस्सा खींचकर धर्मलाभ कमाया।

गत मंगलवार को हरिनाम संकीर्तन समिति द्वारा हर साल की तरह इस साल भी सुबह 11 बजे भगवान जगन्नाथ जी का आगमन हुआ। दोपहर एक बजे महा संकीर्तन एवं छप्पन भोग का कार्यक्रम हुआ। आरती के बाद अग्रवाल सभा से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के दौरान आगे आगे विदेशी महिलायें ढोलक की थाप पर जय श्री कृष्ण का गान गाती हुई चल रही थी। रथ के दोनों रस्सों को महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं ने थाम रखे थे।इस दौरान निकेश अग्रवाल,अवलोक जैन, अवलोक गोयल, महेंद्र अरोरा, नीलकमल, त्रिलोक अरोरा, हरिओम सिंह, मनीष अग्रवाल, विमल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, मोनू, सुशांत विश्नोई, सनी पधान विनोद अरोड़ा, अंकुर बंसल, राकेश अरोड़ा ,आशीष बिश्नोई, अमित गर्ग ,राजेंद्र बंसल, प्रदीप गर्ग, कुशल अग्रवाल, राहुल अरोड़ा ,हरीश टोनी, त्रिलोक अरोड़ा, के अलावा बड़ी संख्या महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर भाजपा विधायक पुत्र और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में लगाया धांधली का आरोप

■ जमकर किया प्रदर्शन, घंटों तक बना रहा मामला तनावपूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख पद को लेकर गुरुवार को विकासखंड के अंतर्गत 31 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मतदान किया।भाजपा की ओर से ब्लॉक प्रमुख पद पर हंसी जलाल ने दावेदारी की है तो वहीं निर्दलीय के तौर पर मंजू नेगी ने अपनी दावेदारी पेश की।

चुनाव को लेकर हंगामा उस समय हुआ जब दोपहर 3:00 बजे मतगणना का कार्य शुरू हुआ जिसके कुछ देर बाद रामनगर के भाजपा विधायक दीवान सिंह बिष्ट के पुत्र जगमोहन सिंह बिष्ट ने पुलिस एवं प्रशासन पर चुनाव में धांधली करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार को रामनगर में लोकतंत्र की हत्या की गई है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन शुरू से ही उन्हें चुनाव हारने की तैयारी में लगा हुआ था। उन्होंने कहा कि आज मतगणना होने के बावजूद भी उनके प्रत्याशी के एजेंट मतगणना कक्ष में नहीं जाने दिया गया जिसका उन्होंने विरोध करते हुए विकासखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर जमकर हंगामा काटना शुरु करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाया लेकिन वह अपनी मांग पर आड़े रहे। कई घंटों तक मामला तनावपूर्ण बना रहा।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** इनर व्हील क्लब रामनगर श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव हर्षौल्लास से मनाया गया। क्लब की एडिटर सुमिति मेहरोत्रा ने बताया कि छोई स्थित एक रिसोर्ट में विगत 11 अगस्त से ही क्लब की ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो चुका है। जिसमें श्री कृष्णा स्केच और स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता कराई गई। इसमें कृष्णा स्केच में प्रियंका अग्रवाल प्रथम और ज्योति द्वितीय रही कहानी प्रतियोगिता में कृष्ण कहानी में निकिता और मोटिवेशनल कहानी में यशवी ने बाजी मारी। झांकी प्रतियोगिता में नविता प्रथम कृति द्वितीय रही सबसे सुंदर रास में नेहा और निधि प्रथम रहे व सबसे सुंदर गोपी का पुरुस्कार वार्षिक गोयल को दिया गया। कार्यक्रम में रैना मित्तल ने कृष्ण बनकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन नेहा सिंघल व निधि सिंगल के द्वारा किया गया। इस अवसर कविता अग्रवाल, अंजली जिंदल, सुमिति मेहरोत्रा, चारुल जिंदल, मीना मित्तल, सीमा लखोटिया, प्रीति बंसल शिवानी, निशि, अनुप्रीत कौर, पीयूशी अग्रवाल, गुंजन जिंदल,प्रियंका आदि मौजूद रहीं।

# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा एमपी इंटर कॉलेज से मुख्य बाजार होते हुए शहीद पार्क लखनपुर क्षेत्र तक निकाली गई।तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीत घायल गए।

तिरंगा यात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़कर भागेदारी की।इस दौरान तिरंगा यात्रा में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश नैनवाल,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नवीन कारगेती,भाजपा नेता गणेश रावत, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, भरत तिवारी, मनोज पाण्डेय, भावना भट्ट ,भाजपा नेता अजीज खान, मोहम्मद आदिल,प्रेम मेहरा, अजयपाल, दीप्ति रावत, नीमा मठपाल, शुभम उत्तम, रजत, अमित कुमार, अंजना सुंदर्याल, सुरेश राजपूत, राजू रावत, मनीष अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।वही टांडा क्षेत्र और पीरुमदारा क्षेत्र में भी निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा स्वतंत्रता दिवस को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई।इस दौरान पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# अपनों की अंदरूनी कलह का शिकार हो गई ममता जल्होत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ब्लॉक प्रमुख चुनाव में रीना गौतम की जीत सिर्फ एक साधारण चुनावी नतीजा नहीं, बल्कि भाजपा के अंदरूनी समीकरणों पर गहरा वार है। भाजपा की घोषित प्रत्याशी ममता जल्होत्रा न सिर्फ हारीं, बल्कि उन्हें हराने वाले उम्मीदवार को जिताने में पार्टी के अपने ही बड़े नेता की भूमिका खुलकर सामने आ गई।

रुद्रपुर ब्लॉक प्रमुख चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। बीजेपी के घोषित प्रत्याशी ममता जल्होत्रा को मात देते हुए बीडीसी सदस्य रीना गौतम ने जीत दर्ज की। रीना गौतम को 25 वोट मिले, जबकि ममता जलहोत्रा को मात्र 14 वोट प्राप्त हुए। इस जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और 'राजेश शुक्ला जिंदाबाद' के नारे गूंज उठे। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के समर्थन से हुई इस जीत को उनकी राजनीतिक पकड़ और किंगमेकर की भूमिका का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। चुनाव परिणाम ने भाजपा के अंदरूनी समीकरणों को भी उजागर कर दिया।

राजेश शुक्ला ने सत्ता पक्ष के आधिकारिक उम्मीदवार को मात देकर यह जता दिया कि वे अब भी स्थानीय राजनीति में निर्णायक ताकत रखते हैं। यह नतीजा भाजपा के लिए भीतर से चेतावनी भी है, क्योंकि पार्टी के अंदर का यह "क्रॉसफायर" आने वाले विधानसभा चुनावों में बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## नोटिस

**सिविल जज ( सी.डि. )**
**रामपुर, उत्तर प्रदेश**

**मूलवाद सं.**-160/2022
श्रीमती सबा सुहेल
**बनाम**
तनवीर खां आदि
श्रीमती अंजुम पत्नी श्री जाबुल हसन निवासी वार्ड सं.-59 अब्दुल रहीम मस्जिद गोजा जली उत्तर नैनीताल, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड

आपकों सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मूलवाद में दिनांक 03.09.2025 की तारीख आपके जवाब/आपत्तियां हेतु नियत है। आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम अपना जवाब व आपत्तियां दिनांक 03.09.2025 तक प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**आज्ञा से**
**सिविल जज ( सी.डि. )**
**रामपुर, उत्तर प्रदेश**

सभी क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
D.N. Sharma
Director
7017679108, 8533982792
Sachin Pathak
Manager
9897387542
Approved by: Govt of ttarakhand
RBB PUBLIC SCHOOL
ENGLISH MEDIUM Pre Nursery to 8th
Fazalpur Mahrola (Shastri Nagar), Near Tarai Vuhar, Rudrapur (U.S. Nagar)
PATHAK MEDICAL STORE
VESTIGE PICK-UP CENTER
MATKHERA ROAD, BILASPUR (RAMPUR)
VESTIGE

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजा क्लीनिक
प्रीत विहार कालोनी, नंबर दो, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय सक्सेना
भारत ट्रेडिंग कंपनी
प्रीत विहार रुद्रपुर
मो. 9456352714
मनीषा सक्सेना

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
UK CONVENT INTER COLLEGE
English Medium Co-Education
ADMISSION OPEN 2024-2025
SPECIAL COURSE OPEN :-
OLYMPIAD EAXM | C.H.S | NAVODAYA | SAINIK | NDA | JEE | NEET
Call Us :
7500740630, 9084742600, 9084742500
Preet Vihar, Rudrapur (U.S.Nagar) E-mail: ukconventschool@gmail.com

सभी क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए
फुरकान अहमद मंसूरी
समाजसेवी
रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
A.D.M PUBLIC SCHOOL
MR. GOVIND DHAR
Managing Director
PREET VIHAR PHASE-5
STREET NO 2
RUDRAPUR U.S NAGAR
Contect No - +919639200371

# पुछड़ी में जारी किए गए ध्वस्तीकरण नोटिस पर हाईकोर्ट की रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिला विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम पुछड़ी में जारी किये गए ध्वस्तीकरण नोटिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। स्थानीय निवासी जाकिर हुसैन, अमजद आदि ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उन्होंने 2013 में रजिस्टर्ड बैनामे से ग्राम पुछड़ी में जमीन खरीदी थी और मकान बनाया था। भूमि की 143 और बैंक लोन लेकर चुका भी दिया था। अचानक प्राधिकरण ने बिना उनके नाम नोटिस जारी किए हुए एकतरफा कार्यवाही कर उनके भवन का ध्वस्तीकरण नोटिस जारी कर चिपका दिया था।जबकि ग्राम पुछड़ी प्राधिकरण के दायरे में नहीं आता है। साथ ही जिस 1987 के रामनगर मास्टर प्लान के अनुसार निर्माण प्रस्तावित ओपन जोन में बताया जा रहा है वह मास्टर प्लान शहर में लागू ही नही है। दोनों पक्षों से सुनने के बाद हाईकोर्ट में प्राधिकरण द्वारा जारी ध्वस्तीकरण नोटिस और कार्यवाही पर रोक लगा दी है।ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र की प्रधान हज्जन नरगिस,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी और ग्रामीणों ने कोर्ट का आभार व्यक्त किया है।

# आठवीं जिला पंचायत बोर्ड में आए हैं सभी नए चेहरे

## महिला प्रतिनिधि रिमोट कंट्रोल से काम करेंगी या अपने विवेक से ?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** 15 सितंबर 1997 को अस्तित्व में आए चंपावत जिले में आठवें जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में आनंद अधिकारी शपथ लेंगे। इस दौरान जिला पंचायत के तमाम उतार - चढ़ाव देखे। दो महिला अध्यक्षों ने जिला पंचायत की कमान संभाली थी। 15 सदस्यीय जिला पंचायत बोर्ड में इस दफा सभी नए चेहरे हैं जिन में नौ महिला सदस्य शामिल है।

महिला सदस्यों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह रहती है कि वह अपने विवेक से कुछ काम करने या सोचने के बजाय उनके पति या परिजन उन्हें आगे नहीं बढ़ने देते है। फलस्वरूप रिमोट कंट्रोल से काम करने की वह आदी बनकर केवल रबर स्टैंप मात्र ही रह जाती है। यह बात अलग है कि जिले की स्थापना के बाद दो बार निर्वाचित महिला



जिला पंचायत अध्यक्षों में प्रेमा पांडे ऐसी महिला रही जिन्होंने जिला पंचायत को अपने बलबूते संचालित कर बिना किसी विवाद के अपना कार्यकाल पूरा किया। त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में यही हाल ब्लॉकों में भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपनी परिकल्पना के अनुसार चंपावत को हिमालयी राज्यों का मॉडल जिला बनाना चाहते हैं तो उन्हें कम से कम उत्तराखंड में अपने निर्वाचित जनपद में महिलाओं को राजनीतिक रूप से अपने पैरों में खड़ा करने के लिए सदन में इनके स्थान पर पुरुषों को बैठने पर पूर्ण पाबंदी लगाने का नियम तो लागू कराना ही चाहिए। साथ ही सभी महिला व पुरूष सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। इधर आम सहमति से नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी को बधाइयां देने का क्रम लगातार जारी है। गरसाडी क्षेत्र से उन्हें चुनने वाले लोगो कि उन्हें बधाईयां मिल रही है।

आनंद का कहना है कि वह शीघ्र ही शपथ लेने के बाद पूरे जिले के सभी सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र का भ्रमण कर उनका आशीर्वाद लेंगे। श्री अधिकारी को राज्यकर्मियों, शिक्षकों व अन्य लोगों द्वारा भी लगातार बधाइयां दी जा रही है। जिला पंचायत के वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारी विजय उप्रेती के नेतृत्व में कनिष्ठ लिपिक राजेश जोशी, हिमांशु तिवारी, हितेश जोशी, अशोक सिंह, जगदीश अधिकारी, द्वारा शिष्टाचारबस अपने नए अध्यक्ष आनंद अधिकारी से भेंट कर उन्हें जिले का प्रथम नागरिक बनने के लिए बधाई दी। श्री अधिकारी ने उन्हें धन्यवाद देते हुए अनौपचारिक वार्ता में कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले में जिला पंचायत को भी एक मॉडल रूप देने में हम सबको सामूहिक प्रयास करना है।

# रामनगर में तेज बारिश के बाद बरसाती नाले उफान पर



**■ बैलगढ़ बरसाती नाले में बही कार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार की रात अचानक हुई तेज मूसलाधार बारिश के बाद एक बार फिर बरसाती नाले उफान पर आ गए जिस कारण कई जगह पर जहां एक और लोगों का आपस में संपर्क कट गया तो वही बरसाती नालों में पानी अधिक होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

रामनगर हल्द्वानी मार्ग पर स्थित बेलगढ़ नाला भी अचानक उफान पर आने के बाद इस नाले में नाला पार करने के दौरान एक कार पलट गई हालांकि कार चालक ने वाहन से बाहर निकाल कर अपनी जान बचाई मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि कार चालक से पूछताछ की गई उन्होंने बताया कि पनोद एवं धनगढ़ी बरसाती नाले में भी पानी अधिक होने के कारण इन नालों में मलवा आने के कारण दोनों स्थानों पर स्थित नालों के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है और सभी वाहनों को गर्जिया के समीप रोक दिया गया।उन्होंने बताया कि मौके पर टीमों को भेजने के साथ ही जेसीबी मशीन भी भेज दी गई और पानी कम होने पर वाहनों को निकाला गया। उन्होंने सभी लोगों से बारिश के दौरान नदी नालों पर न जाने की अपील की है।

एक नजर

# अनूप कौर के सिर पर सजा ब्लॉक प्रमुख का ताज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** ब्लॉक प्रमुख के पद पर अनूप कौर पत्नी तीरथ सिंह ने नवनीत कौर को हराकर ब्लॉक प्रमुख का पद अपने नाम कर लिया वही जयैष्ठ उप प्रमुख पद पर प्रगट सिंह पन्नू व कनिष्ठ उप प्रमुख के पद पर विमल सिंह विजयी रहे।

त्रिस्तरीय चुनाव में विजयी रहे क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख, जयैष्ठ उप प्रमुख, कनिष्ठ उप प्रमुख पद पर चुनाव हुए। चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया शासन/प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी जिससे चुनाव व्यवस्थित व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया चुनाव में ब्लॉक प्रमुख पद पर अनूप कौर को 26 मत हुए नवनीत कौर को 14 मत प्राप्त हुए जयैष्ठ उप प्रमुख पद पर परगट सिंह पन्नू को 26 मत व सरनदीप कौर को 14 मत प्राप्त हुए कनिष्ठ उप प्रमुख पद पर विमल सिंह को 25 मत व अमृतपाल कौर को 15 मत प्राप्त हुए। चुनाव के पश्चात अनूप कौर पत्नी तीरथ सिंह को ब्लॉक प्रमुख परगट सिंह पन्नू को जयैष्ठ उप प्रमुख व विमल सिंह को कनिष्ठ उप प्रमुख के पद पर विजयी घोषित किया गया परिणाम आते ही समर्थकों में हर्षोल्लास का माहौल फैल गया मौके पर समर्थकों ने आतिशबाजी वह पुष्प गुच्छ भेंट कर/डालकर जीते हुए प्रत्याशियों का स्वागत किया। क्षेत्र वासियों /ग्राम वासियों व जनप्रतिनिधियों ने मौके पर ही पुष्प मालाएं डालकर स्वागत किया।

# गदरपुर में ज्योति ग्रोवर बनीं ब्लॉक प्रमुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अपनी प्रतिद्वंद्वी जसविंदर कौर को चार मतों से हराया**

**गदरपुर।** गदरपुर ब्लॉक प्रमुख पद के लिए गुरुवार को हुए चुनाव में ज्योति ग्रोवर ने कड़े मुकाबले में विजय हासिल कर ली। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी जसविंदर कौर को चार मतों से हराया।

चुनाव में कुल 40 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें ज्योति ग्रोवर को 22 मत मिले, जबकि जसविंदर कौर को 18 मत प्राप्त हुए। इस तरह ज्योति ग्रोवर ने चार मतों की बढ़त के साथ ब्लॉक प्रमुख का पद अपने नाम किया।परिणाम घोषित होते ही भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच ज्योति ग्रोवर का जोरदार स्वागत किया और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। स्थानीय भाजपा नेताओं ने ज्योति ग्रोवर को जीत की बधाई देते हुए इसे पार्टी और गदरपुर क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। वहीं, ज्योति ग्रोवर ने विश्वास दिलाया कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# पंचायती चुनाव में भाजपा को मिली है चंपावत जिले में अभूतपूर्व सफलता

**■ पाटी को छोड़कर तीनों ब्लाकों एवं जिला पंचायत की सीट पर पार्टी ने किया कब्जा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पंचायती चुनाव के परिणाम पाटी ब्लॉक को छोड़कर शेष में भाजपा के पक्ष में गए हैं। जहां लोगों ने मॉडल जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथ मजबूत किए हैं। पाटी ब्लॉक से शंकर सिंह अधिकारी ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा के प्रकाश सिंह को रिकॉर्ड मतों से पराजित कर अपना परचम लहराया है।शंकर को 36 व प्रकाश सिंह को मात्र 4 वोटो में ही संतोष करना पड़ा। शंकर सिंह अधिकारी क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के बेटे हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को करारी मात दी है। इसी प्रकार ज्येष्ठ प्रमुख पद में खड़क सिंह ने महेंद्र राम को तथा कनिष्ठ प्रमुख पद में नेहा बगोटी ने ईश्वरी देवी को भारी मतों से पराजित किया।

यहां भाजपा को करारी हार मिली है।शंकर को लेकर पहले ही लोग इसी रिजल्ट की उम्मीद कर रहे थे। बाराकोट ब्लॉक में भाजपा की सीमा आर्या ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुनीता विश्वकर्मा को 11 मतों से पराजित किया।

यहां ज्येष्ठ प्रमुख पद पर दरबान सिंह ने देवेंद्र सिंह को तथा कनिष्ठ प्रमुख पद पर ईश्वरी देवी ने कमला को भारी मतों से पराजित किया। लोहाघाट ब्लॉक में भाजपा के महेंद्र सिंह ढ़ेक ने अपनी प्रतिद्वंद्वी अंकिता बोहरा को कांटें के मुकाबले में 2 वोटो से पराजित किया। महेंद्र को 18 तथा अंकिता बोहरा को 16 वोट मिले। इस कांटे की लड़ाई के परिणामों को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता बनी हुई थी। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर किशोर सिंह रावत ने भी प्रकाश सिंह को तथा कनिष्ठ प्रमुख पद पर प्रकाश चंद्र ने शोबन सिंह को पराजित किया।

चंपावत ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, ज्येष्ठ प्रमुख भुवन चंद्र पांडे व कनिष्ठ प्रमुख पद पर मनोज जोशी पहले ही निर्विरोध चुने गए हैं। इसी प्रकार जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भी निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है, यहां आनंद सिंह अधिकारी अध्यक्ष एवं पुष्पा विश्वकर्मा निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी पार्टी के विजेता प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहां कि लोगों द्वारा आप पर जितना विश्वास किया गया है उससे आपकी जिम्मेदारियां भी काफी बढ़ गई है।

आप किस प्रकार जनता की आशाओं में कितना खरा उतरेंगे? यह आपके राजनेतिक भविष्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने सभी मतदाताओं के प्रति दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है।

# रात के सन्नाटे में जिला अधिकारी निकल गए नगर की पथ प्रकाश व सफाई व्यवस्था देखने

**■ स्वच्छता कर्मियों के ही बदौलत ही हम नगरों को रख सकते हैं 'नीट एंड क्लीन': जिलाधिकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नगर की पथ प्रकाश एवं स्वच्छता की कैसी व्यवस्था है ? जिसे देखने जिलाधिकारी मनीष कुमार ऐसे समय में निकल पड़े जब सड़के एकदम सुनी एवं उनमें सन्नाटा पसरा हुआ था। उन्होंने रात्रि में स्वच्छता कार्य में लगे पर्यावरण मित्रों के प्रयासों को सराहा ही नहीं बल्कि उनसे बातचीत कर उनका हाल-चाल जानने के साथ उनकी समस्याओं की भी जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने कहा आपके ही हाथों में मॉडल जिला मुख्यालय को ष्नीट एंड क्लीनष रखने का पूरा दारोमदार है। आपको सभी सुविधाएं दी जाएंगे। पहली बार



किसी जिलाधिकारी द्वारा उनसे उनका हाल-चाल जानने व उनसे सीधा संवाद करने से पर्यावरण मित्र बेहद खुश हुए। उनका कहना था कि वह चंपावत नगर को ष्नीट एंड क्लीनष बनाने में जिलाधिकारी का कही भी मान कम नहीं होने देंगे।

उधर जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान उन मार्गों की स्ट्रीट लाइट को चिह्नित किया जहां लाइट नहीं जल रही थी। और कहां लाइट लगानी की आवश्यकता है। जिलाधिकारी के रात्रि भ्रमण के बाद आज नगरपा. लिका के ईओ के नेतृत्व में नगरपा. लिका के कर्मियों द्वारा नगर क्षेत्र का भ्रमण कर वर्षा से हुए क्षतिग्रस्त, नालियों, सड़कों का जायजा लेने के साथ स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक करने का काम शुरू किया। लेकिन लगातार वर्षा के चलते यह काम नहीं हो पाया। अलबत्ता उन्होंने जिलाधिकारी के भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों को संज्ञान में लिया है।

# राइंका दशौला बडियाड़ के 104 विद्यार्थियों को 15 किमी दूर भेजना जोखिम पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अभिभावक समिति की बैठक ने किया विरोध**

**खटीमा।** राजकीय इंटर कॉलेज दशौला बडियाड़ में पीटीए अध्यक्ष एवं एमएससी अध्यक्षा पुष्पा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय को कलस्टर विद्यालय में सम्मिलित करने का बड़ा विरोध किया गया।

जीआईसी दशौला बडियाड़ में अध्ययनरत 104 विद्यार्थियों को 15 किमी दूर भेजने का कड़ा विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की उच्ची नीची पहाड़ियों से 15 किमी दूरी तय करना नैनिहालों की जान जोखिम में डालने के समान है। सरकार द्वारा बताई जा रही इस जनपक्षीय योजना को भौगोलिक परिस्थितियों के विपरीत बताते हुए इसे जोखिम भरा बताया गया। आयोजित बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने कॉलेज परिसर में इस फैसले को वापस न लेने पर इसके विरोध में जन आंदोलन की चेतावनी दी। इसके विरोध में हस्ताक्षरशुदा ज्ञापन उच्चाधिकारियों को भेजा गया। बैठक में रूप सिंह गैड़ा, महेन्द्र सिंह बिष्ट, शंकर सिंह बिष्ट, मदन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष पीटीए ठाकुर सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, शिवराम, नारायण सिंह गैड़ा, शेखर सिंह, गंगा देवी, मानसी, सरली देवी, जयंती देवी, गीता देवी, कमला देवी, कैलाश सिंह गैड़ा, हयाद राम आदि अभिभावक मौजूद थे।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बलिदानियों को किया नमन

**■ महापौर ने की रुद्रपुर में विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क और नेताजी बोस की बड़ी प्रतिमा लगाने की घोषणा**

**■ समाज के बुजुर्गों को किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम सभागार में मंगलवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बंगाली समाज की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाजन के दौरान बलिदान देने वाले पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी गई और उस त्रासदी को झेलने वाले बंगाली समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने आवास विकास में विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क और काशीपुर रोड गावा चौक पर महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की बड़ी प्रतिमा लगाने की घोषणा की। कार्यक्रम के उपरांत भगत सिंह चौक तक तिरंगा यात्रा भी निकाली गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा नेता विवेक सक्सेना, अमित नारंग, बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राज. कुमार साहा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भारत माता के चित्र के



समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह केवल इतिहास नहीं, पीड़ा की जीवंत स्मृति है। 15 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निर्णय केवल एक तिथि को याद करना नहीं, बल्कि उस असहनीय पीड़ा को पीढ़ियों तक संजोकर रखने का प्रयास है, जिसे हमारे पंजाबी और बंगाली भाई-बहनों ने झेला। लाखों लोगों को अपने पूर्वजों की भूमि, संस्कृति और स्मृतियों को पीछे छोड़कर नए सिरे से जीवन शुरू करना पड़ा। धर्म के आधार पर किया गया बंटवारा आज भी हमें पीड़ा देता है। यह इतिहास नहीं, यह हमारे समाज की जड़ों में समाई पीड़ा है। महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के माध्यम से वर्षों से अपने ही देश में पहचान को तरसते लोगों को अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा सीएए ने उन लाखों लोगों को न्याय दिया है जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत लौटे। बंगाली समाज इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्यमंत्री धामी जी के प्रयास से नागरिकता प्रमाणपत्रों से 'पूर्वी पाकिस्तान' जैसे गुलामी के प्रतीक शब्द को हटाना भी एक ऐतिहासिक निर्णय है। आज सीएम धामी के नेतृत्व में लैंड जिहाद, लव जिहाद, धर्मांतरण के खिलाफ बडे और ऐतिहासिक फैसले लेकर जिहादियों को सबक सिखाने का काम किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि आज हमें अपनी बच्चों को अपने इतिहास के बारे में बताना जरूरी है और राष्ट्र विरोधी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है।

महापौर ने कार्यक्रम में घोषणा की कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा आवास विकास क्षेत्र में 'विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क' की स्थापना की जाएगी। इस पार्क में एक स्मृति शिलापट भी होगा, जिसमें विस्थापित होकर आये पंजाबी और बंगाली समाज के पूर्वजों के नाम अंकित किए जाएंगे। इसके अलावा काशीपुर रोड गावा चौक पर महान क्रांतिकारी सुभाष चन्द्र बोस जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जायेगी। महापौर ने कहा कि सीएम धामी ने रूद्रपुर में बंग भवन स्थापना की घोषणा की थी, जिसके लिए नगर निगम ने स्थान चिन्हित कर लिया है, इसकी भूमि हस्तांतरण के लिए कुछ तकनीकी अड़चनें आ रही हैं इसको लेकर जल्द ही जिला प्रशासन से वार्ता की जायेगी। महापौर ने कहा कि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में नेताजी सुभाष पार्क को नगर निगम जल्द ही रजत जयंती पार्क के रूप में विकसित करने जा रहा है। इसके लिए 1.60 करोड़ का बजट शासन से मंजूर हो गया है। इसके अलावा बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के जो भी काम होने हैं उन्हें भी प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि बंगाली समाज ने विभाजन की त्रासदी के बाद भी अपने आत्मबल और मेहनत के दम पर रूद्रपुर और पूरे उत्तराखंड के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है। यह समाज सहनशीलता, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। विभाजन के जख्म आज भी हरे हैं, लेकिन इस समाज ने उन्हें अपनी शक्ति बना लिया है। भाजपा नेता तरूण दत्ता ने कहा कि बंगाली समाज का यह दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ियों को यह बताया जाए कि आज जो आजादी और अधिकार हैं, वह किस मूल्य पर प्राप्त हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि यह सिर्फ विभाजन नहीं, मानवीय त्रासदी थी। विभाजन कोई भौगोलिक प्रक्रिया नहीं थी, यह एक मानवीय त्रासदी थी। लाखों लोग बेघर हुए, हजारों बलिदान हुए, और न जाने कितनों का अंतिम संस्कार भी नहीं हो पाया। यह दिन हमें उस पीड़ा की याद दिलाता है, जिसे हमारे देशवासियों ने सहा। खासकर बंगाली समाज ने इस पीड़ा को जिस गरिमा और साहस के साथ झेला, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि यह समाज आज भी अपने पूर्वजों की स्मृतियों को संजोए हुए है और राष्ट्र निर्माण में निरंतर अपना योगदान दे रहा है।

विधायक शिव अरोरा ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज और पंजाबी समाज ने विभाजन विभीषिका में जो पीड़ा और दर्द सहा है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह वास्तव में एक बड़ी त्रासदी थी। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा सहित अन्य अतिथियों ने विभाजन की त्रासदी को झेलने वाले बंगाली समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पश्चात नगर निगम से भगत सिंह चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम का संचालन गणेश सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने भगत सिंह चौक तक मौन जुलूस निकाला। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक गो. विंद राय, सह संयोजक मानवेन्द्र राय, अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम,शालिनी बोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, के के दास, सुरेश कोली, रोशन अरोरा, तरूण दत्ता, मोहन तिवारी, पारस चुघ, नारायण महाजन, प्रभाष स्वर्णकार, अशोक विश्वास, राजू कोली, कमल पाल, सतनाम सिंह, अखिल विश्वास, निखिल विश्वास, शिव कुमार दास, जुडन मंडल, श्यामल राय, विकास मंडल, मधु सरकार, डॉ. दीपक, तपन साना, राहुल, सरोज राय, नारायण विश्वास, लतिका, श्रीकांत राठौर, सतनाम सिंह, पूरन राय, परिमल राय, मोनू सरकार सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति और नागरिक उपस्थित रहे।

# सीबीएसई नॉर्थ जोन हॉकी चैंपियनशिप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गुरुवार को नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) में चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 बालक हॉकी चौंपियनशिप 2025 का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ ईस्टर इण्डस्ट्रीज खटीमा के एचआर हेड पुनीत मिश्रा, सीबीएसई टेक्निकल डेलीगेट दलविन्दर जीत सिंह, सरदार राजपाल सिंह, प्रबंधक सुरेंदर कौर ने गुब्बारे उड़ाकर और खेल मशाल जलाकर किया। गुरुवार को होने वाले सभी मैच बारिश के चलते रद्द कर दिए गए। विद्यालय में आयोजित शुभारंभ समारोह में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी उपलब्धियों को याद किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए सभी खिलाड़ियों को अनुशासन एवं प्रतिभा के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कहा। प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन से उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के कुल 11 विद्यालयों के अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपना नामांकन कराया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी करन सिंह ने बताया कि बारिश के चलते गुरुवार को होने वाले मैच रद्द किए गए हैं। इन स्कूलों के खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग सनवे स्कूल रामपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल बरेली, मल्लिकार्जुन स्कूल पिथौरागढ़, सरस्वती बाल मन्दिर हापुड़, जेकेजी इन्टरनेशनल स्कूल गाजियाबाद, गुरुकुल द स्कूल गाजियाबाद, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल बाजपुर, ग्रीनवुड सीनियर सेकंड्री स्कूल रामपुर, एसआईएमएस रामपुर, एसआरवीएम हरिद्वार और एसएमएस दत्ता मेमोरियल, नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

# एसटीएफ ने दिल्ली से दबोचा नाइजीरियन साइबर ठग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** साइबर अपराधिकयों पर नकेल कसने के लिए लगातार एसटीएफ द्वारा प्रयास किये जा रहे थे। एसटीएफ को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा साइबर अपराधियों पर नकले कसने और उनकों सलाखों के पीछे भेजे जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद हरकत में आई एसटीएफ टीम ने एक साईबर ठग को दिल्ली से धर दबोचा। इस संबंध में गुरूवार को एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी दी।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि देहरादून निवासी एक व्यक्ति ने विगत माह एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि फेसबुक पर एक महिला ने स्वयं को एम्स्टर्डम स्थित एक नामी फार्मा कंपनी की सीनियर मैनेजर बताते हुए उससे मित्रता की। पीड़ित ने बताया कि महिला ने उसका विश्वास जीतकर उसने नकली पार्सल भेजने का बहाना बनाया और उसे कस्टम स्कैनिंग, गोल्ड लाइसेंस, करेंसी कन्वर्जन, जीएसटी, बीमा, क्लियरेंस, और अन्य शुल्कों के बहाने लगातार ऑनलाइन भुगतान करवाए। परन्तु स्वयं के साथ हो रही साइबर फ्रॉड का अंदेशा नहीं हो पाया, जिससे पीड़ित द्वारा विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तों में 88,400 स्थानांतरित किए गए। इसके बाद कथित "राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा" अधिकारियों और नकली पुलिसकर्मियों ने फर्जी केस निपटाने, नाम हटाने और फाइल आगे बढ़ाने के बहाने अतिरिक्त 4,10,250 अवैध रूप से प्राप्त किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि साईबर ठगों ने पीड़ित को अपने जाल में फंसाकार अनेक फर्जी मोबाइल नंबर, बैंक खाते और सरकारी पदनामों का दुरुपयोग करते हुए और दबाव बनाकर उससे अपना निशाना बनाकर साइबर ठगों ने उससे धोखाधड़ी कर 28,98,650 रुपये प्राप्त कर लिये।

साइबर क्राइम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों, बैंक खातों की जानकारी हेतु बैंकों, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स, डोमेन होस्टिंग कंपनियों एवं मेटा कंपनी से पत्राचार कर डेटा प्राप्त किया गया। भुल्लर ने बताया कि डेटा मिलने के बाद उसका विश्लेषण किया गया तो स्पष्ट हुआ कि साइबर अपराधियों ने फर्जी अंत. रराष्ट्रीय पार्सल भेजने का झांसा देकर एवं स्वयं को सरकारी अधिकारी-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अधिकारी बताकर, पीड़ित से विभिन्न बैंक खातों में 28,98,650 की राशि स्थानांतरित करवाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान साईबर टीम द्वारा बीएनएसएस के अन्तर्गत प्रकाश में आये अभियुक्त वसपदने हवबीनून मउनां की तलाश दिल्ली जाकर की गयी।

# शोध को समाज से जोड़ने की आवश्यकता

## मुक्त विश्वविद्यालय के स्थापना की 20वीं वर्षगांठ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय (यूओयू) ने अपनी 20 वर्षों की प्रगति और 69वें स्वतंत्रता दिवस के दूसरे दिन को सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सितार और शास्त्रीय रागों की मधुर धुनों से हुई, इसके बाद गोविंद बल्लभ पंत संग्रहालय, अल्मोड़ा द्वारा आयोजित उत्तराखंड के स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों की पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि एनटीए अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी और कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि प्रो. जोशी ने कहा कि छोटी-छोटी सकारात्मक पहलें समाज और विश्वविद्यालय की दिशा तय करती हैं। उन्होंने शोध को समाज से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि समाज की जिम्मेदारी उठाना हर शिक्षार्थी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्रो. दुर्गेश पंत ने विश्व. विद्यालय की 20 वर्षों की यात्रा को साझा करते हुए बताया कि किराए के कमरों से शुरू होकर आज यूओयू तकनीकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अग्रणी बना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब एआई एनेबल पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रहा है, जिससे शिक्षार्थियों को अधिक लचीलापन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिलेगा। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लो. हनी ने विश्वविद्यालय की युवा अवस्था की ओर संकेत करते हुए कहा कि अब प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग जरूरी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय की जानकारी को अपने नेटवर्क के माध्यम से साझा करें ताकि अधिक लोगों तक पहुंच बनाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल एवं वनमाली सृजन अभियान द्वारा एक पोस्टर का विमोचन किया गया, साथ ही विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का शुभारंभ भी हुआ। दूसरे सत्र में भारतीय वन अनुसंधान केंद्र देहरादून के प्रो. यशपाल सिंह और मानसखंड विज्ञान केंद्र के प्रो. जीसीएस नेगी ने शिक्षा और शोध की अवधारणाओं पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि शोध का उद्देश्य सत्य की तह तक पहुंचना है और शिक्षा को आनंददायक बनाने के लिए स्पष्टता जरूरी है। मंच पर विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ प्रोफेसर और शोधार्थी उपस्थित रहे, जिनमें प्रो. पीडी पंत, प्रो. मंजरी अग्रवाल, प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे, प्रो. राकेश चंद्र रयाल, डा. शशांक शुक्ला, डा. नागेन्द्र गंगोला प्रमुख थे।

# ...मानो बिहार या उत्तर प्रदेश हो

## राजनीतिक तांडव ने देवभूमि के माथे पर लगाया कलंक

**शाहवेज़ खान**

**शाह टाइम्स, हल्द्वानी।** क्या उत्तराखंड की कल्पना इसलिए की गई थी? क्या उन शहीद राज्य आंदोलनकारियों ने इसी दिन के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी? एक शांत, सभ्य और संस्कृति से परिपूर्ण राज्य की राजनीति आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां लोकतंत्र की गरिमा तार-तार हो रही है। जिला पंचायत जैसे मामूली से चुनाव में जिस तरह सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने लो. कतंत्र का मजाक उड़ाया है, उसने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है।




नैनीताल से लेकर द्वाराहाट, बेतालघाट से कालाढूंगी तक, हिंसा और अराजकता की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वह उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय राज्य के चेहरे पर कलंक बन गई हैं। नैनीताल में सियासी बवंडर, बेतालघाट में गोलीबारी, द्वाराहाट में पत्थरबाज़ी, और कोटाबाग में खुलेआम पिस्तौल लहराए जाने जैसी घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि अब उत्तराखंड की राजनीति भी बिहार और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हिंसक और बेलगाम होती जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो और तस्वीरें उस नंगे सच को उजागर कर रही हैं, जिसे न पुलिस छिपा पा रही है और न प्रशासन रोक पा रहा है। पुलिस और प्रशासन की चुप्पी, उनका मूकदर्शक बनकर सब कुछ देखना, कानून-व्यवस्था की पूरी मशीनरी पर सवालिया निशान खड़ा करता है। स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले, जिस तरह का शर्मनाक प्रदर्शन जिला पंचायत चुनावों में सामने आया है, उसने न केवल लोकतंत्र को मज़ाक बना दिया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि नेताओं के लिए सत्ता की लालसा, सिद्धांतों और नैतिकता से कहीं अधिक बड़ी हो गई है। नेता एक-दूसरे को खुलेआम गालियां दे रहे हैं, अपहरण और किडनैपिंग की बातें सामने आ रही हैं, और सत्ता पाने के लिए हर हद को पार किया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई भी राजनीतिक दल दूध का धुला नहीं दिखता। इस अराजकता में चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, सबने अपनी-अपनी भूमिका निभाई है। उत्तराखंड के आम नागरिकों के लिए यह एक चेतावनी है। उन्हें समझना होगा कि राजनीति के नाम पर जो गुंडागर्दी परोसी जा रही है, वह आने वाले समय में प्रदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर सकती है। अब वक्त आ गया है जब जनता को सवाल पूछने होंगे प्रशासन से, सरकार से और उन नेताओं से जो देवभूमि को दलदल में धकेल रहे हैं। यह सिर्फ अफसोस का नहीं, जवाबदेही तय करने का वक्त है। वरना वह दिन दूर नहीं जब यह पर्वतीय राज्य अपनी राजनीतिक हिंसा और अराजकता के लिए जाना जाएगा, न कि अपने शौर्य, संस्कृति और बलिदान के लिए।

## एक नजर

### मीडिया प्रभारी पद से दलजीत दल्ली का इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब, राजेन्द्र नगर के मीडिया प्रभारी पद पर सेवा दे रहे सरदार दलजीत सिंह दल्ली ने निजी कारणों के चलते अपना त्यागपत्र मुख्य सेवादार सरदार रणजीत सिंह नागपाल को सौंप दिया। दलजीत सिंह ने बताया कि उन्हें यह सेवा मुख्य सेवादार जी और सभी पदाधिकारियों के आशीर्वाद से सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने पूर्ण समर्पण भाव से निभाने का प्रयास किया। लेकिन व्यक्तिगत कारणों के कारण वे अब इस सेवा को सुचारु रूप से नहीं निभा पा रहे हैं, जिस कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। इस्तीफा सौंपते हुए उन्होंने गुरु घर में भविष्य में भी सेवा करने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे हमेशा गुरुघर की सेवा में तत्पर रहेंगे। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में माफी मांगते हुए कहा कि यदि सेवा में अनजाने में कोई त्रुटि हुई हो, तो प्रभु उन्हें क्षमा करें और आगे भी उन्हें निस्वार्थ सेवा करने योग्य बनाए रखें। दलजीत सिंह ने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और संगत के सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि वह संगत से जुड़े रहकर सेवा करते रहेंगे।

### आउटसोर्स कर्मचारियों ने सीएस को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड ऊर्जा आउटसोर्स श्रम संगठन ने मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लि. में वर्षों से कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को एसएचजी से भुगतान कराये जाने की मांग की है। मुख्य सचिव को भेजे ज्ञापन में संगठन ने बताया कि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन में वर्षों से विभिन्न पदों लाइनमैन मीटर रीडर एसएसओ व स्टाम ऑफिस में निविदा/ठेकेदारी प्रथा से कार्य कर रहे है, जिन्हे पावर कारपोरेशन/बाध्य एजेंसियों द्वारा न्यूनतम वेतनमान नहीं दिया जा रहा है और ईएसआई, ईपीएफ जैसी सुविधाओं का लाभ भी बहुत कम संख्या दिया जा रहा है। उपनल एवं एसएचजी की तरह प्रोत्साहन भत्ता और रात्रि भत्ता भी प्रदान किया जाये। साथ ही उन्होंने गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल के आउटसोर्स कर्मचारियों को समान वेतन देने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन एवं सरकार द्वारा मांगों गौर नहीं किया जाता है तो एक अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

### जन्माष्टमी पर सजेगा लटूरिया बाबा आश्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री लटुरिया महाराज आश्रम मंदिर समिति में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाने के लिए अंतिम तैयारियों को लेकर मंदिर कमेटी की बैठक संरक्षक सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पूरे मंदिर को आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है। साथ ही भगवान की सभी मूर्तियों का भव्य श्रृंगार किया जा रहा है। 15 व 16 अगस्त को शाम छह बजे से भजन संध्या तथा श्री कृष्ण-राधा का आकर्षण नृत्य एवं झांकियों की प्रस्तुति होगी। मंदिर का मुख्य आकर्षण बजरंग गुफा, जहा स्वचालित झांकियां को सुन्दर ढंग से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में प्रेम गुप्ता, नीरज प्रभात गर्ग, राजीव अग्रवाल, भोलानाथ केसरवानी, गिरीश केसरवानी, राधेश्याम अग्रवाल, पंडित राजेश जोशी मौजूद रहे।

### मलबे की चपेट में आई कार, हादसा टला

**नैनीताल।** जिले के नैनीताल के समीप बल्दियाखान क्षेत्र में पहाड़ी से मलबा गिरने के चलते कार दब गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। बता दें कि वीरवार को भारी बारिश के दौरान रूसी बाइपास व बल्दियाखान के बीच पडाड़ी से अचानक मलबा गिर गया। मलबा गिरने के दौरान वहां से गुजर रही कार मलबे के चपेट में आ गई। और मलबे में दब गई। हांलाकिं कार में सवार लोग किसी तरह बच गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। एनएच की जेसीबी मलबा हटा रही है।

### बर्डफ्लू: बाहर से आने वाले अंडों पर रोक

**नैनीताल।** देश के कई राज्यों में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) ने नैनीताल में भी खौफ पैदा कर दिया है जिसके चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर यूपी और उधमसिंह नगर से नैनीताल जिले में आने वाले पोल्ट्री प्रोडक्ट मुर्गियों और अंडों पर रोक लगा दी गई है साथ ही पशुपालन विभाग को जिले में मौजूद पोल्ट्री फार्मो से सैंपल कलेक्ट कर जांच कराने के निर्देश दे दिए हैं। बता दें कि कई राज्यों में बर्ड फ्लू के चलते मुर्गियों की मौत हो रही है। जिसके चलते नैनीताल जिले में भी प्रशासन चौकन्ना हो गया है। जिले में बर्ड फ्लू फैलने से बचाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर यूपी और उधम. सिंह नगर से नैनीताल जिले को सप्लाई होने वाली मुर्गियों और अंडों पर बैन लगा दिया गया है। बाहरी राज्यों से आने वाले मुर्गी अंडों के वाहनों को वापस किया जा रहा है। साथ ही जिले में मौजूद सभी पोल्ट्री फार्मों में पशु चिकित्सा विभाग की टीमों की ओर से सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. डीसी जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यूपी और उधमसिंह नगर बार्डर से आने वाले मुर्गी और अंडों के वाहनों पर रोक लगाई गई है। बताया कि अब तक जिले के मैदानी क्षेत्र में 40 से ज्यादा पोल्ट्रीफार्म से सैंपलिंग की जा चुकी है। पोल्ट्रीफार्म से सैंपल लेकर लैब को भेजे जा रहे हैं। बताया कि अब तक जिले में कोई भी बर्ड फ्लू का मामला सामने नहीं आया है। बताया कि जिले में कई टीमें बनाई गई हैं जो जिले मके अलग-अलग हिस्सों में जांच कर रही हैं।

## लाल निशान नहीं हटे, तो आंदोलन: रोहित कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जवाहर नगर के सैकड़ों परिवार अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित विस्तारीकरण की चपेट में आ रहे हैं। मामला हल्द्वानी में गर्माया हुआ है और जनता घरों को बचाने के लिए सड़कों पर उतरी हुई है। शहर के प्रमुख



राजनेताओं ने जवाहर नगर के इन प्रभावित लोगों को असहाय छोड़ दिया है। जवाहर नगर की जनता चंद जागरूक लोगों तथा जनप्रतिधियों के साथ अपनी लड़ाई लड़ रही है। पार्षद रोहित कुमार ने मुद्दो ज़ोरों पर उठाया हुआ है। वे निरंतर प्रभावित परिवारों के बीच पहुंच रहे हैं। प्रेस को जारी बयान में रोहित कुमार ने कहा है कि जवाहर नगर में गौला किनारे लोगों के घरों में रेलवे तथा जिला प्रशासन ने जो लाल निशान लगाए हैं उनसे लोग घबराए हुए हैं। यहां बरसों से रह रहे परिवारों की रातों की नींद उड़ी हुई है। निशान लगाकर घरों को तोड़ने की सरकार की मंशा निंदनीय है। रोहित कुमार का कहना है कि यहां रह रहे लोगों के पास वर्षों पुराने कागज़ मौजूद हैं लेकिन रेलवे तथा प्रशासन उनकी बात सुनने को राज़ी नहीं है। गरीब लोगों को अतिक्रमणकारी बताकर घरों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर इस कार्यवाही को बंद नहीं किया गया तो एक बहुत बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

## 'एक-एक पैसा जोड़कर बनाए हैं घर-मकान'

### लाल निशान के विरोध में सड़कों पर जनता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अमृत योजना के तहत रेलवे द्वारा मकानों पर लगाए जा रहे लाल निशानों के विरोध में गुरुवार को भीम आर्मी ने प्रदर्शन करते हुए रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि रेलवे द्वारा हल्द्वानी-लालकुआं क्षेत्र में जिन रिहायशी मकानों, मंदिरों, मस्जिदों और दुकानों पर लाल निशान लगाए जा रहे हैं, उन्हें तोड़े जाने की कार्यवाही को रोका जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन स्थानों पर निशान लगाए गए हैं, वहां लोग पिछले करीब 50 वर्षों से रह रहे हैं। अधिकतर लोग अत्यंत गरीब हैं और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।

यदि उन्हें उजाड़ा गया तो उनके पास रहने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं बचेगा, जिससे कई परिवार आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो सकते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिन मकानों को हटाने की बात की जा रही है, वे बेहद साधारण हैं अभी भी कई घरों की छत पर टीन-टप्पर लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमृत योजना जो विकास के लिए लाई गई थी, अब गरीबों के लिए विष योजना बन गई है। रेलवे द्वारा जिस क्षेत्र को खाली कराने की बात की जा रही है, वह गोला नदी के पास है, जहां रेलवे का निर्माण कार्य संभव नहीं है। ज्ञापन में यह तर्क भी दिया गया कि नदी के तेज बहाव से पहले भी रेलवे लाइनें बह चुकी हैं और ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि किसी कारणवश लोगों को हटाया जाता है, तो पहले उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिवार का जीवन संकट में न आए। ज्ञापन देने वालों में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीवन चंद्र आर्य, फिरोज़ खान, राज. कुमार निवेश, नवीन मूलनिवासी, महेश चंद्र, हरीश लोधी, मोहम्मद सलीम, जीतराम, गोविंद राव, राजू राजभर, वसीम अहमद, तस्लीम अहमद, मोहम्मद अबरार, चंदा, मुन्नी देवी, सुशीला देवी, सायरा, फकीरन समेत अनेक लोग शामिल रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रॉसकंट्री दौड़

## हल्द्वानी स्टेडियम में युवाओं ने दिखाया जोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रातः 6.30 बजे हल्द्वानी स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेल निदेशालय उत्तराखंड के तत्वावधान एवं जिला प्रशासन नैनीताल के मार्गदर्शन में, जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



दौड़ की शुरुआत मेयर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। अत्यधिक बारिश के बावजूद युवाओं के उत्साह को देखकर मेयर ने कहा कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के इन होनहारों से भविष्य की बड़ी उम्मीदें हैं। दौड़ में अंडर-14 आयु वर्ग के बालक/बालिका, 45 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष/महिला तथा ओपन सीनियर वर्ग के पुरुष/महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुल 104 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। अंडर-14 आयु वर्ग बालक वर्ग में विक्की, ओम, लक्ष्य विजेता रहे। बालिका में त्रिवेणी, दामिनी जोशी, अराधना, जबकि 45 वर्ष प्लस वर्ग में मदन सिंह, कमलेश तिवारी, प्रकाश और महिला वर्ग में दीप्ति सिंह, पुष्पा भट्ट, मोहित सिंह विजयी रहे। ओपन सीनियर पुरुष वर्ग में पंकज, विनय, सिद्धार्थ तथा महिला वर्ग में खुशी, दिया, नेहा विजेता रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की भूमिका में किशोर पाल, त्रिलोक जीना, सतीश कुमार, श्याम मन्नू भट्ट, आनंद सिंह, महेश बिष्ट, निलेश गुप्ता, उमेश रावत, गोपाल नेगी, तनुजा आर्य व पूनम शिरोला आदि शामिल रहे। इस अवसर पर किशोर बाफिला, जगत नेगी, तनुज पाण्डेय समेत अनेक खेल प्रेमी भी उपस्थित रहे।

# महिला कॉलेज में पोस्टर मेकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में नमामि गंगे अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुकत तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा, तिरंगा हमारे देश की आत्मा और एकता का प्रतीक है। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि उनकी रचनात्मक क्षमता को भी निखारती हैं। नोडल अधिकारी नमामि गंगे एवं प्रभारी एनएसएस डा. रितुराज पंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को राष्ट्रहित के



कार्यों से जोड़ते हैं और उन्हें सामा. जिक उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं। निर्णायक मंडल में डा. दिनेश चंद्रा, डा. रेखा जोशी और डा. फकीर सिंह सम्मिलित रहे। उन्होंने विजेताओं के चयन में रचनात्मकता, विषय की प्रासंगिकता, संदेश की स्पष्टता, कलात्मक कौशल और भावनात्मक प्रभाव को मुख्य आधार बनाया। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक कृति में गहरी देशभक्ति की भावना झलक रही थी, जिससे निर्णय लेना चुनौतीपूर्ण रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजलि दुर्गापाल प्रामि, सुप्रिया बिष्ट द्वितीय तथा ऋषिका तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका कांडपाल प्रथम, ईशा मेहरा द्वितीय, बबीता चिलवाल तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता पंत ने किया।

# वीरेंद्र मेहरा ज्येष्ठ, कमल भंडारी कनिष्ठ प्रमुख चुने गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी ब्लॉक में संपन्न हुए चुनाव में वीरेंद्र सिंह मेहरा को



ज्येष्ठ प्रमुख और कमल सिंह भंडारी को कनिष्ठ प्रमुख के रूप में चुना गया है। जबकि मंजू गौड़ पहले ही निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बन गयी थी। हल्द्वानी ब्लॉक में मंजू गौड़ के निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख निवाचित होने के बाद गुरुवार को ज्येष्ठ प्रमुख और कनिष्ठ प्रमुख के लिए मतदान प्रक्रिया हुई। ज्येष्ठ प्रमुख के लिए वीरेंद्र सिंह मेहरा और राजेंद्र दुर्गापाल दावेदार थे। वीरेंद्र सिंह मेहरा को 27 और राजेंद्र दुर्गापाल को महज 11 मत मिले। वही कनिष्ठ प्रमुख में कमल सिंह भंडारी को 25 और गीतिका को 13 मंत ही मिल सके। ज्येष्ठ प्रमुख में वीरेंद्र सिंह मेहरा और कनिष्ठ प्रमुख में कमल सिंह भंडारी विजयी घोषित किये गए। एआरओ/एसडीएम राहुल शाह ने नवनिर्वाचित ज्येष्ठ प्रमुख और कनिष्ठ प्रमुख निर्वाचन पत्र सौंपा।

# एमबी महाविद्यालय में तिरंगा रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर एनएस बनकोटी द्वारा छात्रों को तिरंगा भेंट कर की गई। इस अवसर पर उन्होंने एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स, छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और समस्त उपस्थितजनों को तिरंगे की शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रो. बनकोटी ने अपने संबोधन में कहा आज़ादी का अमृत पर्व हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर है।



हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा न केवल भारत के गौरव और सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और बलिदान की भावना को भी दर्शाता है। तिरंगा रैली में एनसीसी 24 यूके गर्ल्स की एएनओ लेफ्टिनेंट डा. ज्योती टम्टा, 78 यूके बटालियन से कैप्टन सुरेंद्र सिंह धपोला, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डा. दीपा सिंह, डा. किरण कर्नाटक, डा. कविता बिष्ट, डा. हीरा सिंह भाकुनी, डा. गोकुल सत्याल एवं सुरेंद्र सिंह रौतेला समेत महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस आयोजन में कैडेट दिव्यांशी, शोभा, अनु, श्रुति, अर्चित, अंजलि, हिमांशु, भारत, कुंदन, संध्या, अरुण, पंकज, योगेश, सुमित, इशा, काजल, किरण, स्मिता पाठक, प्रवीण भंडारी, राजेश भट्ट, मोहित राणा, ममता, खुशी, श्वेता, दीपक, निखिल, उमेद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# बारिश ने दिखाया रौद्र रूप, गौला उफान पर, जनपद में 16 मोटर मार्ग बंद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीती बुधवार रात्रि से हो रही बारिश गुरुवार को भी जारी रही। लगातार बारिश के चलते जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। वही पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से गौला नदी अपने खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यदि इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो गौला नदी का जलस्तर और भी बढ़ सकता है। गुरुवार सुबह बैराज से गौला नदी में 42744 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। नदी में बाढ़ की स्थिति बनने से तटवतह्व क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं भारी बारिश के चलते जिले के 3 राज्य मार्ग (पदमपुरी-धानाचूली, धानाचूली- ओखलकांडा-खनस्यू और हल्द्वानी-चोरगलिया), 1 प्राथमिक जिला मार्ग और 16 ग्रामीण मार्ग बंद हो गए है। बीते 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश अब लोगों के लिए आफत बन रही है। कलसिया और रकसिया नाला फिर से उफान पर आ गया है। काठगोदाम में कलसिया पुल से नीचे बद्रीपुरा और ऊपर देवलढूंगा क्षेत्र में पानी की रफ्तार काफी तेज हो चुकी है। पिछले साल यहां कई घर बह गए थे जिस वजह से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। रकसिया नाले से भी लोग डरे हुए है। इधर, गौला में पानी की मात्रा बढ़ने पर बैराज के सभी गेट भी खोलने पड़े। गौला बैराज से 42744 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके साथ ही प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली के मुताबिक गुरुवार शाम छह बजे तक जिले में 92.9 एमएम औसतन बारिश रिकॉर्ड की गयी। सबसे अधिक 198.0 एमएम हल्द्वानी काठगोदाम, 119.0 एमएम नैनीताल, 120.0 एमएम ओखलकांडा और 50.0 एमएम कालाढूंगी में बारिश रिकॉर्ड की गयी। गौला नदी अपने खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गौला बैराज का खतरे का निशान 10000 क्यूसेक है और वर्तमान में नदी 42744 क्यूसेक पर बह रही है। प्रशासन की तरफ से लोगों को नदी किनारे न जाने की अपील की गयी है।

## काठगोदाम ठोकर बस्ती में दो मकान क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। नदी नाले पूरी तरह से ऊफान में है। वहीं गुरूवार को काठगोदाम क्षेत्र में गौला नदी उफान पर आने से नदी किनारे बने दो मकान पानी के तेज बहाव में बह गए। यह हादसा रातभर से जारी भारी बारिश के कारण हुआ, जिसने नदी के जलस्तर को खतरनाक



स्तर तक पहुंचा दिया। काठगोदाम कॉलटैक्स रेलवे पटरी पार ठोकर बस्ती नदी के किनारे बसी हुई। वहीं लगातार हो रही बारिश से वहां निवास कर रहे मोहम्मद हसरूल व सरवर आलम के मकान का आधा हिस्सा पानी के बहाव में बह गया। सौभाग्यवश हादसे के समय दोनों परिवार घर पर नहीं थे, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। बताया जा रहा कि सरवर आलम पिछले एक हफ्ते से मुरादाबाद अपने परिवार के साथ गए थे। सरवर आलम के मकान का आगे का हिस्सा, जबकि मोहम्मद हसरूल का किचन व आगे का हिस्सा बह गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार मनीषा बिष्ट प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और प्रभावित इलाके में मुनादी कराई गई। वहीं सूचना पर स्थानीय पार्षद बबली वर्मा भी मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन ने लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। प्रशासन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। वहीं तहसील प्रशासन ने नजदीकी इंटर कॉलेज को अस्थायी राहत शिविर में बदल दिया है, जहां लोगों के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और नदी किनारे रह रहे लोगों को तत्काल हटाने का अभियान जारी है।

## संगीनों के साए में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव

# अल्मोड़ा, पौड़ी, रूद्रप्रयाग व चमोली में भाजपा तो देहरादून में कांग्रेस ने लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा ने बढ़त बनाते हुए अल्मोडा, पौड़ी, रूद्रप्रयाग व चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष पर जीत दर्ज की है, वहीं, प्रदेश भर में लचर प्रदर्शन के बावजूद देहरादून जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित तीन ब्लॉक कब्जाने में कांग्रेस सफल रही है। देहरादून में लंबे समय के बाद कांग्रेस को जीत मिली है।

जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर सुखविंदर कौर ने मधु चौहान को हराया जबकि उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक सिंह विजयी रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया और जमकर आतिशबाजी की। इस जीत से कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल है।

जिला पंचायत देहरादून में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर बड़ा उलटफेर करते हुए कांग्रेस ने भाजपा से कुर्सी छीन ली। भाजपा की किलेबंदी और दांव पेच पर चकराता विधायक प्रीतम सिंह की हर चाल भारी पड़ी। अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की प्रत्याशी सुखविंदर कौर ने भाजपा प्रत्याशी मधु चौहान को चार वोट से पराजित कर दिया।

मधु न केवल दो बार देहरादून की जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं, बल्कि भाजपा के कद्दावर नेता व विकासनगर विधायक मुन्ना चौहान की पत्नी भी हैं। उपाध्यक्ष पद भी कांग्रेस ने अपनी झोली में कर लिया। इस पद पर विधायक प्रीतम सिंह के बेटे अभिषेक सिंह ने भाजपा प्रत्याशी बीर सिंह चौहान को छह वोट से शिकस्त दी। गुरुवार को तहसील चौक स्थित जिला पंचायत सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली।

जिला पंचायत के लिए चुनकर आए 30 सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान किया। दोनों पदों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर थी। दोनों ओर से किलेबंदी भी खूब की गई थी और मतदान के दौरान दोनों ही दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे थे, मगर कांग्रेस ने बाजी मार ली। जैसे ही नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आए, कार्यकर्ता जीत के जश्न में डूब गए।

कांग्रेस की जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सुखविंदर कौर को 17 जबकि भाजपा प्रत्याशी मधु चौहान को 13 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के अभिषेक सिंह को 18 जबकि भाजपा के बीर सिंह चौहान को 12 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा।

वहीं, नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर हुए बवाल के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में डीएम वंदना सिंह ने कहा कि वे चुनाव आयोग को दोबारा चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव भेजेंगी। रुद्रप्रयाग में भाजपा की पूनम कटैत ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उखीमठ में कांग्रेस के पंकज शुक्ला और विनीता चमोली ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए।

इसके अलावा चमोली में भाजपा के दौलत बिष्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। वहीं, रुद्रप्रयाग जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा की पूनम कठैत ने विजय हासिल की, जबकि उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की रितू नेगी ने जीती है। दोनों को 9-9 मत हासिल प्राप्त हुए। उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण को 8 मत प्राप्त हुए। अल्मोड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज कर जिले में अपनी राजनीतिक पकड़ को और मजबूत कर लिया है। कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देते हुए चार मतों से विजय हासिल की। वहीं, चमोली में भाजपा की हेमा गैड़ा को 24 मत मिले, कांग्रेस की सुनीता कुं. जवाल को 20 और यूकेडी की सरस्वती किरौला को 1 वोट पड़ा।



### सीएम धामी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दी बधाई

सीएम धामी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा अधिकृत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशियों दौलत सिंह बिष्ट जी (चमोली), रचना बुटोला (पौड़ी), हेमा गैड़ा (अल्मोड़ा), पूनम कठैत (रुद्रप्रयाग) और शोभा आर्य (बागेश्वर) की ऐतिहासिक विजय पर बधाई व शुभकामनाएं दी। भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने 11 में से 10 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। यह उपलब्धि जनता के विश्वास, संगठन की शक्ति एवं सतत जनसेवा के संकल्प का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों को उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनन्त शुभकामनाएं दी।

### कांग्रेस ने भाजपा को उसी की पिच पर मात दी

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि उत्तराखंड की अस्थायी राजधानी देहरादून से आज भाजपा के अहंकार को चकनाचूर कर देने वाली ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी सुखविंदर कौर ने 30 में से 17 वोट पाकर विजय प्राप्त की, वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक सिंह ने 30 में से 18 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। यह जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि भाजपा की मनमानी, षड्यंत्र और सत्ता के घमंड पर जनता का करारा तमाचा है। जिस तरह राज्य सरकार के इशारे पर जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण में खुली लूट और मनमानी की गई, उसके बावजूद चकराता विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने भाजपा को उसकी ही पिच पर, उसके ही खेल में, उसके ही नियमों से मात दी।

**नैनीताल जिला पंचायत अपहरण कांड:**

# हाईकोर्ट की कड़ी फटकार री-पोलिंग का आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण मामले की सुनवाई के दौरान जिले के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा और डीएम वंदना सिंह वर्चुअली उपस्थित हुए। मुख्य न्यायाधीश जे. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने पुलिस की कार्रवाई पर आश्चर्य जताया, वहीं जिलाधिकारी के पुन: मतदान के सुझाव पर सहमति जताते हुए एसएसपी को पांचों लापता सदस्यों को सुरक्षित उनके ठिकानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई की तारीख 18 अगस्त तय हुई है।

सरकार की ओर से बताया गया कि पांच सदस्यों ने एफिडेविट देकर कहा है कि वे स्वेच्छा से मतदान से अलग हो रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि दस दिनों से उनकी तलाश की जा रही है, पर अब तक वे नहीं मिले। वहीं, सीएससी चंद्रशेखर सिंह रावत ने कोर्ट को बताया कि तीन एफिडेविट मेल से प्राप्त हुए हैं-धारी के दीप सिंह बिष्ट, जंगलिया गांव के विपिन सिंह और दो अन्य से। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने संदेह जताते हुए कहा कि यह प्रतीत होता है एफिडेविट आज ही आदेश के बाद खरीदे गए हैं।

**डीएम का दावा और री-पोलिंग की घोषणा:** डीएम वंदना सिंह ने साफ चुनाव कराने का दावा करते हुए कहा कि गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए कल शाम ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि वोटिंग समय स न होने के बाद भी अतिरिक्त समय देकर सदस्यों को मतदान कराया गया और अब हम पुन: मतदान के लिए तैयार हैं। डीएम ने अदालत को आश्वस्त किया कि एक घंटे में निर्वाचन आयोग को री-पोलिंग का पत्र भेजा जाएगा।

### गुंडों के अपहरण का वीडियो वायरल

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने बताया कि वीडियो में सदस्य बवाड़ी को गुंडे उठा रहे हैं, जबकि पुलिस खड़ी देख रही है। कोर्ट ने एसएसपी से वायरल वीडियो के बारे में पूछा तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई। कोर्ट के सीडीआर निकालने के सुझाव पर एसएसपी ने कहा कि अब तल्लीताल थाने में मुकदमा दर्ज हो चुका है, इसलिए सीडीआर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है।

### गवाहों के बयान और आरोपियों के नाम

पीड़ित सदस्य प्रमोद सिंह के भाई विनोद कोटलिया ने कोर्ट में बताया कि प्रमोद को जिला पंचायत के पास से प्रताप, आनंद, बॉबी, शंकर, शुभम, कोमल, पंकज नेगी, चतुर, प्रमोद तथा विशाल नेगी ने उठाया। धारी के सदस्य दीपक सिंह बिष्ट की बहन उमा बिष्ट ने कहा कि भाई सुबह 7 बजे घर से निकले, लेकिन अब तक कोई पता नहीं। विपिन जंतवाल के पुत्र ने कहा कि कल रात पिता घर पर नहीं थे और आज फेसबुक पर अपहरण की सूचना मिली।

# प्रीतम-हरीश की किलेबंदी में पहुंचे पंचायत सदस्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** पंचायत चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पार्टी दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। देहरादून में 17 पंचायत सदस्य कांग्रेस नेताओं के संग जिला पंचायत भवन पहुंचे, तभी नैनीताल से कांग्रेस सदस्यों को अगवा करने की खबर आई तो, देहरादून में भी कांग्रेसियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। गुरुवार को सदस्यों के पहुंचने से पहले ही प्रीतम और हरीश रावत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के साथ जिला पंचायत सभागार के बाहर डट गए। गहमा-गहमी के बीच चार वाहनों से कांग्रेस समर्थित सदस्यों को लाया गया। प्रीतम व हरीश रावत ने घेरा बनाकर उन्हें मतदान करने को भेजा। हालांकि, मधु चौहान के पति विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान इस दौरान नजर नहीं आए।

### जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की खुली गुंडागर्दी: हरीश रावत



**देहरादून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा, नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा की खुली गुंडागर्दी सामने आई है। कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट डालने जा रहे जिला पंचायत सदस्यों को गुंडागर्दी के बल पर उठाया गया। हरीश रावत ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा, नैनीताल हमारी शान है। यहां की जिला पंचायत का एक अभूतपूर्व व सम्मानजनक इतिहास रहा है। पूर्व विधायक संजीव आर्य के साथ मारपीट की गई। साथ ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को धक्का दिया गया। पूरे उत्तराखंड को भाजपा के इस गुंडागर्दी के खिलाफ आवाज उठानी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वोट डालने से वंचित जिला पंचायत सदस्यों से वोट डलवाए जाएं।

# नैनीताल में हंगामे के बाद दून में कांग्रेस ने डाला डेरा

### पंचायत कार्यालय के बाहर दिन भर जुटे रहे दिग्गज, प्रीतम सिंह ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लेकर आखिरी चरण की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को प्रदेश के 12 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुखों के लिए मतदान हुआ, हालांकि कई जिलों में भाजपा ने कांग्रेस को चुनावी रणनीति से पटखनी देते हुए जीत हासिल की है।



नैनीताल में हंगामे के बाद देहरादून में कांग्रेस के नेताओं ने दिन भर डेरा डाले रखा। उत्तराखण्ड के पूर्व सीएम हरीश रावत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चकराता विधायक प्रीतम सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के अलावा कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन, हाजी फुरकान अहमद, वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना और राजकुमार के अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेसी देहराद.न जिला पंचायत भवन के बाहर डेरा डालकर बैठे रहे। कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए हमारी सभी 17 सदस्यों ने वोट किया, जिसके चलते हमे जीत मिली, जनता और सभी सदस्यों का आभार। उन्होंने कहा कि देहरादून जिले में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपने धन, बल और सत्ता का दुरुपयोग करके जिला पंचायत सदस्यों को अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास किया, मगर नाकाम रहे। कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि देहरादून एसएसपी ऑफिस में बुलाकर जिला पंचायत के सदस्यों को डराया धमकाया गया। यहां तक कि यह भी धमकी दी गई कि यदि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान नहीं किया जाता है तो उनकी जमीनों को सरकार में निहित कर दिया जाएगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा पर वोटों की चोरी का आरोप लगाया और कहा कि देश में तो भाजपा वोट की चोरी कर रही थी, मगर उत्तराखंड में तो भाजपा दिनदहाड़े लूट कर रही है। उन्होंने नैनीताल का उदाहरण देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या के फेसबुक अकाउंट से पूरी घटना लाइव रिकॉर्ड की गई है। किस तरह से बंदूक की नोक पर वोट को लूटने का काम किया जा रहा है। करन माहरा ने कहा कि गैरसैंण मॉनसून सत्र में कांग्रेस इन सभी मुद्दों पर मुखर होकर जवाब पूछेगी।

### चमोली में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने दिया त्यागपत्र

**देहरादून।** पंचायत चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हुए चमोली में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने पार्टी के जिलाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को त्याग पत्र भेजते हुए मुकेश नेगी ने कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित सदस्यों के पर्याप्त संख्याबल के बावजूद जनपद चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख जीत दर्ज करने में असफल रहे। किसी भी पदाधिकारी एवं निर्वाचित सदस्यों पर कोई दोषारोपण न करते हुए मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं और नैतिकता के आधार पर चमोली जनपद के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष के पद से त्यागपत्र देता हूं।

# सीएम की विकास योजनाओं के पक्ष में जनता का मत : भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रमुख चुनाव में प्रचंड जीत पर खुशी जताते हुए जनता और मतदान करने वाले सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसे पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व की जीत बताया है। पंचायत की ये जीत 27 के चुनावों में ट्रिपल इंजन की हैट्रिक लगाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों से अपनी जीत को शालीनता से स्वीकारने का आग्रह किया है। साथ ही कांग्रेस द्वारा अपनी गिनी चुनी जीत पर जश्न को उन्होंने असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना रवैया बताते हुए धराली आपदा पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने वाला बताया। भट्ट ने राज्य भर से आ रही जीत की सूचनाओं के बीच पार्टी मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे जीत की बधाई दी। इस दौरान कई नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात कर उनका आभार जताया और प्रदेशाध्यक्ष ने सभी को बधाई दी।

भट्ट ने कहा कि देवभूमि की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। यह प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के परिणाम से साबित हो गया था। हमारे कार्यकर्ता 85 फीसदी से अधिक प्रधान पदों पर निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह ब्लॉक प्रमुख की 70 फीसदी से अधिक सीटें भाजपा उम्मीदवारों ने जीती है। वहीं अब तक सामने आए 11 जिला पंचायत अध्यक्ष के नतीजे में 10 भाजपा के पक्ष में आए हैं। भट्ट ने कहा कि पंचायत चुनाव ने राज्य की दलीय स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। बम्पर जीत का दावा करने वाली कांग्रेस को जनता ने उसकी असलियत बता दी और उसका सूपड़ा साफ हो गया। जिला पंचायत मे 4 अधिकृत प्रत्याशियों मे से उसे एक सीट मिली तो ब्लॉक मे 7 अधिकृत प्रत्याशियों मे उसके 3 जीत पाए। कांग्रेस का दुष्प्रचार काम नही आया और जनता ने उसे कड़ा सबक सिखा दिया।

उन्होंने इस शानदार एकतरफा जीत दिलाने के लिए प्रदेश की ग्रामीण मतदाताओं और सभी निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। वहीं इस प्रचंड जीत को कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों और प्रधानमंत्री के राज्य के प्रति लगाव पर जनता का आशीर्वाद बताया। वहीं उन्होंने पूरे पंचायत चुनाव में पार्टी समन्वयक ज्योति प्रसाद गैरोला का भी जमकर तरफ करते हुए आभार व्यक्त किया।

केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम Canara Bank A Government of India Undertaking

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल: cb3038@canarabank.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),, (सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड https://baanknet.com/ पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा<br>पूजा पुत्री बनवारी लाल (उधारकर्ता/बंधककर्ता) 301 वार्ड नंबर 08, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन- 263153, मोबाइल: 9568560000<br>श्रीमती. नीतू पत्नी भगवान दास (गारंटर) वार्ड नंबर 08 रामपुरा, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, 263153, मो: 9568276524<br>दिनेश (सह-उधारकर्ता) 191 वार्ड नंबर 8, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन - 263153, मोबाइल: 9917965311 | ग्राम बरीराई, तहसील गदरपुर, जिला यू एस नगर में स्थित आवासीय भवन का ईएमटी, जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 00820 वर्ग 1 गा, खसरा क्रमांक 1401 मिन है, जिसका क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट या 78.07 वर्ग मीटर है।<br>चौहदी :- पूर्व: 3.962 मीटर चौड़ी सड़क (13 फुट) उसके बाद नहर, पश्चिम: दिवाकर राणा की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि,<br>(सांकेतिक कब्जे में संपत्ति) | रु. 27,03,052.78 (केवल सत्ताईस लाख तीन हजार बावन और अठहत्तर पैसे) दिनांक 12.12.2023 तक साथ ही व्यय, अन्य शुल्क आदि सहित अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो वसूली घटाकर | a. 25.36 लाख<br>b. 2.54 लाख<br>c. 10,000/-<br>d. 13.08.2025 | 18.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>17.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 2. | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा<br>मेसर्स गोयल ब्रिक फील्ड प्रोप. श्री पवन कुमार गोयल पुत्र श्री हरेंद्र कुमार गोयल वर्तमान पता: मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667<br>श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल वर्तमान पता: मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667 | श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल के नाम आवासीय संपत्ति का वह समस्त भाग, जो उत्तरमुखी मकान संख्या 126 के एक अहाते का, नगर पंचायत लंढौरा के अंतर्गत, मोहल्ला किला लंढौरा में स्थित, परगना मंगलौर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार।<br>कुल क्षेत्रफल 427.50 वर्ग मीटर।<br>चौहदी:- पूर्व: श्री सतेंद्र शर्मा और श्रीमती राजकुमारी का मकान, पश्चिम: श्री राकेश की संपत्ति, उत्तर: 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण: श्री सुनील बालिया का मकान<br>(संपत्ति रचनात्मक कब्जे में है) | रु. 23,99,049.00 (केवल तेईस लाख निन्यानवे हजार उनचास रुपये) दिनांक 28.02.2019 तक ब्याज और लागत आदि सहित। | a. 43.46 लाख<br>b. 4.35 लाख<br>c. 50,000/-<br>d. 13.08.2025 | 18.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>17.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 3. | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा<br>1. मेसर्स पर्ल इंटरनेशनल पार्टनर श्री अबरार अहमद पंजीकरण कार्यालय- द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713 इसके अलावा- प्लॉट नंबर- 33, खसरा नंबर 86 मिन, गांव- महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, पिन- 244713<br>2. श्री. अबरार अहमद पुत्र इरशाद हुसैन निवासी- द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713<br>3. श्रीमती. रफत अबरार पत्नी- श्री अबरार अहमद निवासी- द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713<br>4. श्री. फराज अहमद पुत्र श्री अबरार अहमद निवासी-द ब्लेसिंग्स, डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड, खसरा नंबर 62 मिन गांव- जसपुरखुर्द गिरीताल, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर पिन- 244713 | फैक्ट्री भूमि और भवन, ग्राम- महुआखेड़ा गंज, तहसील- काशीपुर में स्थित, प्लॉट संख्या- 33, खसरा संख्या 86 न्यूनतम क्षेत्रफल 0.4000 हेक्टेयर, मेसर्स पर्ल इंटरनेशनल के नाम पर, इसके साझेदार श्री साकेत राठी पुत्र श्री नंद किशोर राठी के माध्यम से।<br>चौहदी- पूर्व- सड़क (नंद नगर औद्योगिक क्षेत्र की)<br>पश्चिम- अन्य व्यक्ति की जमीन<br>उत्तर- प्लॉट संख्या 32<br>दक्षिण- प्लॉट संख्या 34<br>(सांकेतिक कब्जे में संपत्ति)<br>खसरा संख्या 62 में स्थित आवासीय भवन, गांव- जसपुर खुर्द, गिरिथल रोड, तहसील- काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर में न्यूनतम क्षेत्रफल 3321.50 वर्ग फुट या 308.69 वर्ग मीटर, श्रीमती रफत अबरार पत्नी श्री अबरार अहमद ("द ब्लेसिंग्स", डाक बंगले के पास, एसडीएम निवास रोड") के नाम पर है।<br>चौहदी- पूर्व- 18 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता<br>पश्चिम- श्री बद्री विशाल बिल्डर्स की संपत्ति<br>उत्तर- विक्रेता की संपत्ति<br>दक्षिण- विक्रेता की संपत्ति<br>(सांकेतिक कब्जे में संपत्ति) | रु.4,77,01,340.32 (रुपये चार करोड़ सतहत्तर लाख एक हजार तीन सौ चालीस और बत्तीस पैसे मात्र) जिसमें 31.12.2023 तक का ब्याज तथा 01.01.2024 से लागू दर पर अतिरिक्त ब्याज, व्यय, अन्य शुल्क आदि, यदि कोई वसूली हो, तो उसे घटाकर | a. 195.00 लाख<br>b. 19,50,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 13.08.2025<br>a. 114.00 Lakh<br>b. 11,40,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 13.08.2025 | 18.09.2025<br>अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>17.09.2025<br>अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। 17.09.2025 तक। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |

दिनांक: 13.08.2025, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

उत्तराखण्ड शासन


15 अगस्त

समस्त देशवासियों को

# 79 वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## नये भारत का नया उत्तराखण्ड

### महिला सशक्तिकरण

हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड से उत्तराखण्ड महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध। को-ऑपरेटिव बैंकों और सहकारी समितियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण। मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना का हुआ शुभारंभ।

### बड़े निर्णय-बड़े प्रभाव

समान नागरिक संहिता, सशक्त भू-कानून, राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10% एवं सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू। राज्य में साढ़े 6 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त।

### युवा-शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार

बीते 4 वर्षों में 23 हजार से ज्यादा युवाओं को मिली सरकारी नौकरी। राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की आई कमी। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत अब तक 35 हज़ार लोगों ने शुरू किया स्वरोजगार। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखण्ड। उधम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। राज्य में 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच मुफ्त। अटल आयुष्मान योजना के तहत हर परिवार को मिल रहा हर साल ₹ 5 लाख तक का मुफ्त इलाज।

### सैनिकों का सम्मान

राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को बढ़ाकर किया गया 50 लाख रुपये। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़ाकर किया गया डेढ़ करोड़। देहरादून में सैन्य धाम का हो रहा निर्माण कार्य।


















### उत्तराखण्ड लिख रहा इतिहास

नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रैंकिंग में उत्तराखण्ड देश में प्रथम स्थान पर। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने 103 पदक प्राप्त कर नया रिकार्ड बनाया। प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नई सौर ऊर्जा नीति, की गई तैयार। सतत प्रयासों से राज्य की जी.एस. डी.पी. में 1.3 गुना और प्रति व्यक्ति आय में 11.33 प्रतिशत की हुई बढोत्तरी। जीएसटी संग्रहण में 14 प्रतिशत की वृद्धि। सौभाग्य योजना के तहत 2.5 लाख हजार परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन किए गए प्रदान।

### विरासत का संरक्षण

केदारनाथ धाम का दिव्य और भव्य पुनर्निर्माण। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल का होगा निर्माण। हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर का होगा निर्माण। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को किया जा रहा विकसित। महासू मन्दिर, हनोल के मास्टर प्लान को दी गई मंजूरी।

### पर्यटन

उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत क्षेत्र के 51 गांवों का चयन कर, किया जा रहा सुनियोजित विकास। राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ। राज्य में अब तक 4 हजार से अधिक होमस्टे पंजीकृत।

### कनेक्टिविटी

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा केवल 2.5 घंटे में पूरी होगी। गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य को मिली केंद्र सरकार से स्वीकृति। पिथौरागढ़ से पंतनगर, दिल्ली, देहरादून तक शुरु हुई उड़ान सेवा। ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना का कार्य तेजी से गतिमान। नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया। टनकपुर-बागेश्वर रेललाईन पर सर्वे का कार्य हुआ पूरा। उत्तराखण्ड को केंद्र से दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात।

### उद्योग एवं निवेश

एमएसएमई नीतिः नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन। ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फॉर्म में भारत सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्वीकृत। इन्वेस्टर्स समिट में 3.5 लाख करोड़ के एमओयू, 30 निवेश अनुकूल नई नीतियां, अब तक लगभग 1 लाख करोड़ की हुई ग्राउंडिंग।




**बड़े आयोजन**

- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023
- जी-20 सम्मेलन 2023
- 38वें राष्ट्रीय खेल 2024
- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन - 2025
- विश्व आयुर्वेद कांग्रेस
- अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो - 2024 का राज्य में हुआ सफल आयोजन।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# लोकतांत्रिक जवाबदेही

किसी भी निर्वाचित विधानसभा में मताधिकार रखने वाले सदस्यों के मनोनयन जैसे बड़े फैसले लोकतांत्रिक जनादेश से आने चाहिएं, न कि प्रशासनिक विवेक से। केंद्रीय गृह मंत्रालय का जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट से यह कहना कि उप-राज्यपाल (एलजी) निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह के बगैर पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत कर सकते हैं, लोकतांत्रिक जवाबदेही को धता बताता है। हाईकोर्ट का संवैधानिक सवाल इससे ज्यादा सीधा नहीं हो सकता, क्या जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, जो एलजी को पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत करने की इजाजत देता है, जिससे अल्पसंख्यक सरकार बहुमत की सरकार में बदल सकती है और इसका उल्टा भी हो सकता है, संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, इस सवाल को संबोधित करने के बजाय, मंत्रालय कानून के तकनीकी बिंदुओं में चला गया। पुडुचेरी के के. लक्ष्मीनारायणन बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए, उसने अपनी दलील में कहा कि मनोनयन निर्वाचित सरकार के काम के दायरे से बाहर हैं। उसने दावा किया कि स्वीकृत संख्या में निर्वाचित और मनोनीत, दोनों तरह के सदस्य शामिल हैं। उसने लो. कतांत्रिक परामर्श को दरकिनार करने के औचित्य के रूप में केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम (मतदान प्रक्रियाएं), 1963 की धारा 12 का भी उल्लेख किया। जब 119-सदस्यीय विधानसभा में पांच मनोनीत सदस्य सरकार की स्थिरता तय कर सकते हों, तो यह मुद्दा स्वीकृत संख्या की कानून-द्वारा-निर्धारित परिभाषाओं से परे चला जाता है। असल सवाल यह है कि क्या नियुक्त पदाधिकारियों को जनता का चुनावी फैसला उलट सकने की इजाजत देने वाला कोई कानूनी ढांचा संविधान की लो. कतांत्रिक मूलभावना का उल्लंघन करता है। संशोधनों के जरिये वर्ष 2019 के अधिनियम में धारा 15ए और 15बी को शामिल किया गया, जो निर्वाचित विधानसभा में महिलाओं की अपर्याप्त नुमाइंदगी की स्थिति में दो महिलाओं को मनोनीत करने की मौजूदा शक्ति के अलावा, एलजी को दो कश्मीरी प्रवासियों (एक महिला सहित) और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर समुदाय से एक व्यक्ति को मना. ेनीत करने की इजाजत देते हैं। इस तरह पांच मनोनीत सीटें बनती हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को जिस तरह सूत्रबद्ध किया है उसमें इससे जुड़े जोखिमों को स्वीकार किया गया हैरू यह हअल्पमत सरकार को बहुमत की सरकार में बदल सकता है या इसका उल्टा भी कर सकता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया उलट सकती है। यह चिंता बेबुनियाद नहीं है , साल 2021 में, लक्ष्मीनारायणन के शासन के तीन साल बाद, पुडुचेरी में मना. ेनीत सदस्यों और दल-बदल करने वाले निर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस-नीत सरकार गिराने में योगदान दिया। इसके अलावा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरे के बिना जम्मू एवं कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही को और ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकारे जाने और जम्मू एवं कश्मीर में भारी समर्थन होने के बावजूद राज्य के दर्जे की बहाली का वादा अधूरा है, जो और भी जरूरी बनाता है कि मौजूदा इंतजामात को लोकतांत्रिक शासन मजबूत करना चाहिए। मंत्रालय की यह दलील कि मनोनयन हनिर्वाचित सरकार के कामकाज के दायरे के बाहरह हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों द्वारा विकसित हो रहे न्यायसिद्धांत के विपरीत हैं। वर्ष 2018 और 2023 के दिल्ली की सेवाओं के मामलों में, उसने फैसला दिया कि एलजी को निर्वाचित सरकारों की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए।

## भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि



भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है, आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है, किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है, भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है, इस काल खंड में भारत की चेतना जागी, इस ऐतिहा. सिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है,15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है, औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवा. सियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी लोगों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ंेकने के लिए व्याकुल थे।

-द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात





योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्एक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रूपए बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रूपए खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रूपए से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।


आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनी. ति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्राय: कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ए बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ए आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिए पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है?

आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आजादी के मतवालों के प्रेरक एवं रोचक प्रसंग



श्वेता गोयल

भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए देश की आजादी की लड़ाई में हजारों देशभक्तों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही कुछ प्रमुख देशभक्तों से जुड़े कुछ रोचक तथा प्रेरक प्रसंगों को स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर स्मरण करना प्रासंगिक होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवावस्था में जब कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी।

फटे-पुराने चिथड़ों में भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह बुढ़िया सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमीटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराए और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिए और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिए। 1942 में जब भारत छोड़ो आन्दोलन शिखर पर था, उस दौरान क्रांतिकारी हेमू कलानी को पता चला कि आन्दोलनकारियों का दमन करने के लिए अंग्रेज सैनिकों से भरी एक विशेष रेलगाड़ी सक्खर से गुजरने वाली है। हेमू और उसके एक-दो साथियों ने उस विशेष रेलगाड़ी को ही उड़ाने का निश्चय किया और वे सक्खर से कुछ दूर पटरियां उखाड़ने पहुंच गए। वे एक-दो फिश प्लेटें ही उखाड़ पाए थे कि पुलिस आ पहुंची और पुलिस वालों ने उन्हें वहीं धर दबोचा। हेमू कलानी ने अपने मित्रों को वहां से किसी तरह भगा दिया और स्वयं गिरफ्तार हो गए। गिरफ्तारी के बाद हेमू से उसके मित्रों के नाम उगलवाने हेतु उसे खूब यंत्रणाएं दी गई किन्तु वीर हेमू कलानी ने अपनी जुबान नहीं खोली और सारा अपराध अपने सिर ले लिया। सुभाष चंद्र बोस आई। सी। एस। की परीक्षा देने लंदन गए। साक्षात्कार के दौरान एक सदस्य ने एक अंगूठी दिखाते हुए उनसे पूछा, मि. सुभाष, क्या आप इस अंगूठी में से निकल सकते हैं? यस सर! सुभाष चंद्र बोस ने तुरन्त उत्तर दिया। फिर कागज के एक टुकड़े पर उन्होंने अपना नाम लिखा और उसे अंगूठी में से निकाल दिया। फिर यह प्रश्न पूछने वाले सदस्य की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा, देखिए, सुभाष अंगूठी में से निकल गया। भारत और सोवियत संघ की संयुक्त सहायता से अंकलेश्वर में तेल के कुएं खोदे गए। उनमें से तेल निकला तो नेहरू जी काफी प्रसन्न हुए और वे कुएं देखने गए तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। अचानक तेल के कुछ छींटे नेहरू जी के कपड़ों पर आ गिरे, जिससे वहां उपस्थित सभी अधिकारी व अन्य व्यक्ति काफी परेशानी में पड़ गए। उन्होंने नेहरू जी से कपड़े बदलने का अनुरोध किया। इस पर नेहरू जी पहले मुस्कराए और फिर गर्व से बोले, ''वाह! इन छींटों को क्यों छिपाऊं? मैं इन्हीं कपड़ों में संसद में जाऊंगा और सभी को शान से दिखाऊंगा हमारे देश में निकले मिट्टी के तेल के धब्बे।''

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खेड़ा अफगान: देश की आजादी में रही अहम भूमिका

विपिन चौधरी









खेड़ा अफगान: देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों ने बहुत संघर्ष किया। बहुत से क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। जनपद में कई ऐसी जगह हैं जहां पर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांतिकारियों की योजनाएं बनती थी यानी क्रांतिकारी इन जगहों पर इकट्ठा होते थे। ऐसी ही एक जगह है नकुड ब्लॉक का गांव रणदेवा है।यह गांव क्रांतिकारियों की शरण स्थली रहा है।

गांव में ऐतिहासिक प्यारे जी महाराज मंदिर है जहां पर क्रांतिकारियों का जमावड़ा होता था और उसका नेतृत्व करते थे महंत जगन्नाथ दास।इस मंदिर में क्रांतिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती थी जैसे लाठी चलाना, भाला फेंकना आदि।क्रांतिकारियों के लिए यह जगह सुरक्षित थी और इसकी जानकारी अंग्रेजों को ज्यादा नहीं थी।महंत जी के नेतृत्व में जो क्रांतिकारी संघर्ष कर रहे थे उनमें मुख्य रूप से महाशय तुंगल सिंह गुर्जर बहादुरपुर, चौधरी रामनिवास पिलखनी,सुनहरा सिंह गुर्जर ढोलामाजरा, प्रताप सिंह गुर्जर नारायणपुर,अर्जुन सिंह गुर्जर बिश्नोट, चौधरी पवन सिंह गुर्जर ढायकी, परमानंद गुर्जर दैदपुरा, रूपराम सिंह गुर्जर नल्हेडा,राम. निवास गुर्जर पिलखनी, निरंजन सिंह गुर्जर जैनपुर, सहीराम गुर्जर जैनपुर, यतीन्द्र कुमार सिंह गुर्जर डूभर किशनपुर, तेलूराम शर्मा रणदेवा आदि थे।

**रेल की पटरियां उखाड़ते थे क्रांतिकारी**

रणदेवा के नजदीकी गांव जैनपुर के बुजुर्ग मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि क्रांतिकारियों का मुख्य कार्य रेल की पटरियां उखाड़ना,बिजली या फिर टेलीफोन के तार काटना और सड़कों में गड्ढे खोदना था।इसके लिए बाकायदा प्यारे जी महाराज मंदिर में क्रांतिकारियों की मीटिंग होती थी और क्रांतिकारी मंदिर में रात्रि के समय ही आते थे और वहीं पर भोजन करते थे।यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

**एक बार मंदिर में पहुंच गए थे अंग्रेज अधिकारी**

मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि एक बार क्रांतिकारियों की इस खुफिया जगह की भनक नकुड थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर डेनियल को लग गई थी। डेनियल बैलगाड़ी से अपनी टीम को लेकर जैनपुर गांव से होता हुआ रणदेवा पहुंचा था। वहां पर डेनियल को क्रांतिकारी तो नहीं मिले लेकिन मंदिर के छोटे महंत परिवर्तन दास द्धजो क्रांतिकारियों के लिए खाने की व्यवस्था करते थेत्र मिल गए थे। मास्टर वीर सिंह जी बताते हैं कि डेनियल ने उनकी खूब पिटाई की लेकिन उन्होंने किसी का भी नाम अपनी जुबान से नहीं खोला। किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं दिया।

**गांव में मुगलकालीन महल**

गांव रणदेवा के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा सबूत गांव में प्यारे जी महाराज का बहुत पुराना मंदिर और गांव में ही मुगल कालीन महल है। ग्रामीण बताते हैं कि यह महल औरंगजेब ने प्यारे जी महाराज के लिए बनवाया था।इस महल को बनवाने के लिए औरंगजेब मजबूर हो गया था क्योंकि गांव में स्थित प्यारे जी महाराज के मंदिर को जब औरंगजेब की सेना तोड़ रही थी तो प्यारे जी महाराज ने अपना चमत्कार दिखाते हुए उनकी आंखों की रोशनी छीन ली थी ऐसी चर्चाएं हैं।परेशान होकर औरंगजेब ने उस मंदिर को दोबारा बनवाना पड़ा था। इसके साथ-साथ प्यारे जी महाराज के लिए महल का निर्माण भी औरंगजेब ने ही करवाया था। खुर्दबुर्द महल में आज भी कंकड़ों की ईंटें लगी हुई हैं।

**सरकार से अपील**

मास्टर नरेशचंद शर्मा, कंवरपाल प्रधान,सुरेश मुखिया जैनपुर, योगेंद्र सिरोही नल्हेड़ा आदि का कहना है कि रणदेवा गांव में महान क्रांतिकारी महंत जगन्नाथ दास का आश्रम है जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि उनकी निशानी के रूप में आश्रम का पुनरुद्धार किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



www.cps.edu.in
Columbus Public School
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120
15th August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
आज़ादी के रंग में रंगा है आसमान,
भारत है हमारा, अद्भुत और महान।
जय हिन्द! जय भारत!
99279 27999 | 99279 63999 | CPS_Rudrapur | ColumbusPublicSchool | cps.rdr





## कार्यालय-जिला उद्यान अधिकारी, चम्पावत

पत्रांक: 475/विज्ञापन/2025-26 दिनांक: 14 अगस्त 2025

उन्नत बागवान समृद्ध किसान

उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग, जनपद – चम्पावत द्वारा कृषकों के हित में संचालित योजनाओं का विवरण

1. नाबार्ड की आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत राजसहायता पर 50 से 500 वर्ग मी0 तक पॉलीहाउसों का निर्माण।
2. जिला योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत राजसहायता पर कीटव्याधिनाशक रसायनों का वितरण।
3. जिला योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत राजसहायता पर औद्यानिक औजार संयत्रों का वितरण।
4. जिला योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत राजसहायता पर पुष्प बल्बों का वितरण।
5. राज्य सैक्टर योजनान्तर्गत एप्पल मिशन योजना (सेब बागानों की स्थापना) पर 60 प्रतिशत राजसहायता।
6. मुख्यमंत्री कृषि विकास योजनान्तर्गत कीवी मिशन योजना (कीवी उद्यानों की स्थापना) पर 70 प्रतिशत राजसहायता।
7. राज्य सैक्टर योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी विकास योजना के अनुसार विभिन्न सब्जी बीजो, आलू, अदरख, हल्दी बीज एवं फल पौधों पर 50 प्रतिशत राजसहायता।

अतः समस्त कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहले आओ पहले पाओं के आधार पर उठाकर उन्नत बागवानी विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

जिला उद्यान अधिकारी चम्पावत। | मुख्य विकास अधिकारी चम्पावत। | जिलाधिकारी चम्पावत।

## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, अल्मोड़ा

पत्रांक 1147/विज्ञापन/2025-26 दिनांक: 14.08.25

### जनपद अल्मोड़ा के समस्त कृषकों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मिलेट पॉलिसी योजनान्तर्गत जनपद के छह विकास खंड ताकुला, लमगडा, द्वाराहाट, धौलादेवी, हवालबाग, स्याल्दे प्रथम चरण हेतु चयनित हैं, इस योजनान्तर्गत कृषकों को निम्न लिखित सुविधाएं देय हैं।

1- मिलेट (मंडुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी, चीना) बीजों पर 80 प्रतिशत अनुदान।
2- मिलेट फसलों हेतु कृषि निवेशों (सूक्ष्म पोषक तत्व जैव उर्वरक) पर 80 प्रतिशत अनुदान।
3-मिलेट उत्पादक कृषकों को सीधी बुआई हेतु 200000 रु. प्रति है. एवं पंक्तिबद्ध बुआई हेतु 400000 रु. प्रति है. प्रोत्साहन।
4- बुखारी वितरण पर अनुदान।
5- मिलेट हेतु कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत अनुदान।
6- प्राथमिक प्रसंस्करण इकाई स्थापना पर अनुदान।
7- कृषक/समूहों को पुरस्कार।

उपरोक्त के अतिरिक्त इस योजना अंतर्गत कृषकों से उनके मिलेट उत्पादों को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक सहकारी समिति के माध्यम से क्रय किए जाने का लक्ष्य है। वर्तमान खरीफ सत्र हेतु मंडुआ फसल हेतु केन्द्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य 4886.00 प्रति कुं. घोषित किया गया है एवं कृषक समूहों हेतु 30000 रु. प्रति कुं. प्रोत्साहन धनराशि भी देय है। अतः कृषक बंधु अधिक से अधिक उपरोक्त योजना का लाभ उठाएं।

मुख्य कृषि अधिकारी
अल्मोड़ा



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनसेवा एकता कमेटी
अलीम खान अध्यक्ष | मो0 अनवर उर्फ मुन्नू उपाध्यक्ष | अज़ीम खान सचिव | नवी अहमद उपसचिव
कार्यालय- उजाला नगर, शनिबाजार के पास
हल्द्वानी-नैनीताल मो0 9837519829

सभी देशवासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आइये देश के लिये अपना सर्वस्व अर्पण कर देने वाले आजादी के महान नायकों को मिलकर नमन करें।
दीपेन्द्र सिंह कोश्यारी
युवा नेता, भाजपा उत्तराखण्ड

JOBA HOLY MOTHER SCHOOL
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Principal Sanjay Mandal
MD. Mrityumjay Sardar
Transit Camp, Rudrapur (U.S. Nagar) U.K
Call : 7417750040

समस्त क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
परिमल राय
काँग्रेस पी0सी0सी0 सदस्य

हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राम सिंह बिष्ट
कार्यालय मंत्री
किच्छा ग्रामीण मण्डल
पवन कुमार राना
पार्षद वार्ड नं0 1
नगर निगम, रुद्रपुर

हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एडवोकेट अरुन कुमार
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
ऊधम सिंह नगर

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं
ठाकुर चन्द्रमोहन सिंह
पूर्व दर्जा राज्यमंत्री, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी

स्वतंत्रता दिवस की मुबारकबाद
नफीस खान
जिला अध्यक्ष
भीम आर्मी, हल्द्वानी-नैनीताल

## कार्यालय नगर पंचायत लालकुआँ, जिला-नैनीताल

मारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी की 79 वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत लालकुआँ हार्दिक शुभकामनाए देते हुए समस्त क्षेत्रवासियों से यह अपील करती हैं कि :-

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत लालकुआँ के प्रथम स्थान में आने की शुभकामनाओं के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर पंचायत लालकुआँ को पुनः शीर्ष पर लाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करते हुए अपने घर एवं दुकान का कूड़ा खुले में न फेंके केवल नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी में ही डाले। खुले में कूड़ा फैंकने से गन्दगी फैलती है और मच्छरों एवं पशुओं द्वारा इसे फैलाने से बीमारियों की सम्भावना बढ़ती है। ऐसे व्यक्ति जिनके द्वारा गन्दगी फैलाई जाती है, उनकी सूचना नगर पंचायत लालकुआँ में दें।
2. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यकतानुसार योजना का लाभ लें। स्व रोजगार प्रारम्भ करने व पूर्व से संचालित व्यवसाय को बढाने के लिए डे-एनयूएलएम योजना का लाभ उठाये।
3. सम्मानित नागरिक होने के नाते नगर पंचायत के कर/दुकान किराया व यूजर चार्जेज का भुगतान समय पर करें।
4. डेंगू मच्छरों एवं जल जनित रोगों से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें, फुल आस्तीन के कपड़े पहने एवं बच्चों को पहनाये, कूलर का पानी नियमित बदले, पानी जमा होने वाली जगहों पर मिट्टी तेल डालें, टायरों में पानी जमा न होने दे।
5. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लागू समान नागरिक संहिता के अन्तर्गत 26 मार्च 2010 के बाद विवाह करने वालों को विवाह पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में विवाह पंजीकरण के शुल्क में रु0 250.00 की छूट प्रदान की गयी है। अतः अतिशीघ्र अपने विवाह का पंजीकरण कराये।
6. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कदापि न करें।

निवेदक- श्रीमती नेहा आर्या, श्री घन सिंह बिष्ट, श्री योगेश उपाध्याय, श्रीमती शबनम, श्री सुरेश शाह, श्रीमती दीपा हेमन्त पाण्डे, श्री भुवन पाण्डे एवं नगर पंचायत परिवार।

(राहुल कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लालकुआँ। | (सुरेन्द्र सिंह लोटनी) अध्यक्ष, नगर पंचायत लालकुआँ।

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कोरंगा
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित नाथ गोस्वामी
वरिष्ठ समाजसेवी
जवाहरनगर (शांतिपुरी)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जसविंदर सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
माता फार्म, नजीमाबाद (उधमसिंह नगर)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं
आशा शुक्ला
नगर महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा हल्द्वानी-नैनीताल

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम प्रकाश आर्या
(जिला पंचायत सदस्य)
प्रतापपुर (शांतिपुरी)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
इंदर सिंह मेहता
(डायरेक्टर)
दुग्ध संघ, रुद्रपुर (उधमसिंह नगर)

स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
हशमत अली अंसारी
प्रांत संयोजक: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (MRM)
प्रदेश उपाध्यक्ष- सूफी इस्लामिक बोर्ड (SIB)
प्रदेश उपाध्यक्ष- मोमिन अंसार सभा, उत्तराखण्ड
प्रदेश संयोजक- सूफी संवाद महा अभियान उत्तराखंड
मो0 9536300063

स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
मजहर नईम 'नवाब'
(पूर्व दर्जा राज्यमंत्री)
उत्तराखण्ड सरकार
निवास/कार्यालय: जवाहर नगर, हल्द्वानी

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सरताज अली
(गुड्डू)
प्रदेश सचिव-कांग्रेस कमेटी
प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम कठर्रा (उधमसिंह नगर)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित कुमार
पार्षद वार्ड-27
नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
तौफीक अहमद
पूर्व प्रधान
ग्राम कठर्रा (उधमसिंह नगर)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुहेल अहमद सिद्दीकी
प्रदेश महासचिव, कांग्रेस
पूर्व दर्जा राज्यमंत्री (हल्द्वानी-नैनीताल)

स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
Nirmala Social Research And Development Society
Address: Sadbhavna Colony, Block-A, Laaldanth
Haldwani (Nainital) Mo. 9412129783, 9410334912

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद गिरी गोस्वामी
(ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, बाजपुर)